11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों की बीमाकृत राशि संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

डी. के. मरवाह
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

दिल्ली
सूची

क्रम संख्या	वक्फ का नाम तथा वाकिफ (यदि पता हो)	वक्फ निर्माण का वर्ष तथा दिनांक	वक्फ की किस्म तथा उद्देश्य	पंजीयन अभिलेख के सन्दर्भ पंजीयन पत्र का विवरण (यदि कोई हो)	वक्फ सम्पत्ति का विवरण (अ) अचल :— इसकी स्थिति, किस्म, प्लाट या नगर पालिका नम्बर (ब) अन्य :—इसकी किस्म और व्यय
1	2	3	4	5	6
1.	सुन्नी वक्फ :— वक्फ हाजी मुहम्मद जकरिया, फाटक हबश खां तथा कूचा उस्ताद दाग	22-3-23 28-11-1932	वक्फ संतान के लिये	रजि० नं० 678 बुक नं० 1 वा० नं० 1314 पृष्ठ नं० 114 से 136 तथा रजि० नं० 3647 बुक नं० 1 वा नं० 1698 पृष्ठ नं० 56 से 61	वक्फ हाजी मुहम्मद जकरिया, फाटक हबश खां, मेन गली रंग वाली, गली हिनगा बेग, गली जकरिया, दिल्ली-06 तथा कूचा उस्ताद दाग, दिल्ली 6 म्यूनिस्पल नं० 1349 से 1351, 1355, 1356, 1361-64; 1374-98, 2306 से 2315 तथा 2317, 2397-98, 2400, 2401, 2404, 2406, 2407, 2411, 2413 से 2415
2.	सुन्नी वक्फ कनाती मस्जिद और कब्रस्थान, खसरा संख्या 1151/3 (1665) महरौली, नयी दिल्ली, (सोहना बर्ज)	100 वर्ष से पूर्व	नमाज अदा करने तथा मुर्दे दफन करने के लिये	× × ×	(अ) मसजिद और मुसलिम कब्रस्थान खसरा संख्या 1151/3 (1665) रकबा 11 बीघा (लगभग)

वक्फ बोर्ड
संख्या 36

सम्पत्ति का मूल्य (अ) अचल (ब) चल	वार्षिक आय (अ) अचल (ब) चल	भू-राजस्व का शुल्क और कर	शुद्ध वार्षिक आय कालम 8 एवं 9	मुतावल्ली का नाम एवं पता	मुतावल्ली का वेतन तथा भत्ते	आय प्राप्ति के लिये व्यय
7	8	9	10	11	12	13
(अ) 5 करोड़ लगभग	रु० 50,000/- प्रतिमाह	किरायादारों द्वारा	रु० 50,000/- प्रतिमाह	×××	×××	×××

के लगभग

दिल्ली वक्फ बोर्ड सूची सं. 36—जारी

यदि वक्फ न्यायालय के आदेश से प्रकाशित है या वक्फ डीड के अनुसार या रीति-रिवाज या प्रथा	यदि वक्फ पूर्व ही वक्फ बोर्ड के सामान्य देखभाल के अर्न्तगत है	टिप्पणी (यदि कोई हो)
14	15	16
वक्फ प्रथा	हां दिल्ली वक्फ बोर्ड	वर्तमान से यह सम्पत्ति दिल्ली वक्फ बोर्ड के अधीन है
वक्फ प्रथा	नहीं	इस सम्पत्ति की देखभाल श्री मोमिन लतीफ पुत्र श्री डा० अब्दुल लतीफ निवासी 86, जोर बाग, नयी दिल्ली कर रहे हैं ।

इसरार अहमद
वक्फ आयुक्त, दिल्ली

भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद

दिनांक 4 मार्च 1997

सं. भा.आ.प.-26(3)/96-मैड—भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की धारा 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से एतद्द्वारा निम्न-लिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

(1) संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ : (1) ये विनियम "स्नातक आयुर्विज्ञान शिक्षा पर विनियम, 1997" कहे जाएंगे ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

अध्याय-1

2. सामान्य विचार और शिक्षण दृष्टिकोण

(1) स्नातक आयुर्विज्ञान पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को एक ऐसे चिकित्सक के उत्तरदायित्व निभाने के निमित्त प्रशिक्षण देने में अनुकूल बनाया गया है जो काय-चिकित्सा के निवारक, प्रवर्तक, रोगनाशक और स्वास्थ्यकारी पहलुओं की देखभाल करने के सक्षम हैं ।

(2) आज जीविका के व्यापक अवसर उपलब्ध होने के कारण एक स्नातक को जीविका-अवसरों का व्यापक विकल्प है । व्यापक और लचीला होने के बावजूद प्रशिक्षण का उद्देश्य हमारे देश में स्वास्थ्य देखरेख की लिए अपेक्षित अभियांत्रिकी का प्रारंभिक अनुभव प्रदान करना होना चाहिए ।

(3) परिवर्तनीय और विभिन्न प्रकार की सेवा परिस्थितियों के उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए अनिवार्य है कि ऐसी सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त नियोजन-प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि स्नातक उन अपेक्षाओं के कार्यान्वयन के प्रभावी साधन बन सकें । अवसरों का लाभ उठाने और व्यावसायिक अपेक्षाओं को पूरा करने के योग्य होने के लिए स्नातक आयुर्विज्ञान देखरेख के विभिन्न पहलुओं में आधारभूत प्रशिक्षण अर्जित करने का प्रयास करेंगे ।

(4) स्वास्थ्य देखरेख के सामुदायिक पहलुओं के महत्व और ग्रामीण स्वास्थ्य देखरेख सेवाओं को मान्यता देनी आवश्यक है । स्नातकों की शिक्षा और प्रशिक्षण के इस पहलू को विहित पाठ्यक्रम में पर्याप्त मान्यता दी जाए । गत वर्षों में इसके महत्व को नियमित रूप से बढ़ावा दिया गया है और शिक्षा और प्रशिक्षण के सभी तीनों चरणों के दौरान ऐसे अनुभवों पर पर्याप्त अभ्यास कराया जाना चाहिए । फील्ड-कार्य-क्षेत्रों और शिक्षु काल अवधि के दौरान प्रशिक्षण में भी इस पर जोर दिया जाना चाहिए और सघन अभ्यास करते हुए इसे पर्याप्त महत्व दिया जाना चाहिए। शिक्षु-काल के दौरान ग्रामीण प्रशिक्षण की अवधि का उद्देश्य नए स्नातकों को ऐसे वातावरण के अधीन दक्षतापूर्वक कार्य करने के योग्य बनाना है ।

(5) शैक्षिक अनुभव में केवल रोगों और अस्पताल अभिमुखी अथवा रोगनाशक-पहलुओं पर केन्द्रित होने की बजाए स्वास्थ्य और सामुदायिक अभिमुखी होने पर जोर दिया जाना चाहिए । इस प्रकार आधुनिक वैज्ञानिक आयुर्विज्ञान शिक्षा की सभी मूल-अवधारणाओं पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना आवश्यक है ।

(6) स्वयं शिक्षा-प्राप्ति के लिए पर्याप्त अनुभव प्रदान करना आवश्यक है । इसे सुनिश्चित करने वाली विधियां और तकनीक शिक्षण-शिक्षा प्राप्ति प्रक्रिया का एक हिस्सा अवश्य होनी चाहिए।

(7) आधुनिक वैज्ञानिक काय-चिकित्सा के आयुर्विज्ञान स्नातक शहरी और ग्रामीण दोनों पर्यावरणों में स्वतन्त्र रूप से कार्य करने में सक्षम बनने का प्रयास करेंगे । उन्हें विशेषज्ञता के अनावश्यक ब्यौरों की बजाए पढ़ाए गए विषयों के मूलभूत पहलुओं और स्वास्थ्य तथा रोगों की आम कठिनाइयों पर जोर देने का प्रयास करना होगा ।

(8) पूरे पाठ्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य और रोगों की समस्या के संबंध में सामाजिक-कारकों के महत्व पर उचित बल दिया जाना चाहिए और इस प्रयोजन की प्राप्ति के लिए शैक्षिक पद्धति भी केवल अस्पताल आधारित होने की बजाए समुदाय आधारित होनी चाहिए । प्रशिक्षण की सम्पूर्ण अवधि के दौरान स्वास्थ्य और विकास के महत्व पर जोर देते हुए जनसंख्या नियंत्रण और परिवार कल्याण नियोजन के महत्व पर जोर दिया जाए ।

(9) विचारों के तर्कसंगत और वैज्ञानिक स्वभाव को अपनाने, अभिव्यक्ति की सुस्पष्टता और निर्णय की स्वतन्त्रता, सूचना एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने और उनमें परस्पर संबंध स्थापित करने की योग्यता पर पर्याप्त बल दिया जाना अपेक्षित है ।

(10) शैक्षिक प्रक्रिया को उचित परिप्रेक्ष्य के बिना केवल बड़ी मात्रा में अव्यवस्थित तथ्यों के अर्जन की बजाए एक विकासित प्रक्रिया के रूप में ऐतिहासिक पृष्ठ-भूमि में प्रस्तुत किया जाना चाहिए । इस देश में और शेष विश्व में आयुर्विज्ञान जानकारी के विकास के सन्दर्भ में दवाइयों का इतिहास इस प्रक्रिया का एक भाग होना चाहिए ।

(11) प्रशिक्षण की विधि के रूप में व्याख्यान मात्र सामान्यत: पर्याप्त नहीं होते हैं और ये सूचना के अन्तरण/अर्जन के घटिया साधन होते हैं तथा दक्षता विकास और उचित अभिवृत्ति के प्रयोजन में कम प्रभावी होते हैं । प्रदर्शन और प्रत्यक्ष अनुभव से संबंधित क्रियात्मक विधि के प्रयोग को प्रोत्साहित करने का भरसक प्रयास किया जाना चाहिए । विद्यार्थी परस्पर बातचीत माध्यम में छोटे ग्रुपों में अध्ययन के लिए प्रोत्साहित होंगे ताकि वे रोगियों और समुदायों, जिनमें वे रहते हैं, के सम्पर्क के माध्यम से अधिकतम अनुभव प्राप्त कर सकें । पाठ्यक्रम-उद्देश्य प्राय: ज्ञान या विज्ञान के क्षेत्रों का उल्लेख करते हैं, लेकिन सर्वोत्तम शिक्षण क्लीनिकल व्यवस्था में और ऐसे विद्यार्थियों के लिए अनुभव के आधार पर संभव होता है जो विभिन्न भागों से आते हैं और इस ज्ञान को अपने कार्य की दक्षता के भाग के रूप में अपनाते हैं ।

(12) रोग लक्षण-विषयों में स्नातक आयुर्विज्ञान शिक्षा प्राथमिक रूप से बहिरंग-रोगी अध्यापन, आपात विभागों और निकटवर्ती स्वास्थ्य देखरेख संस्थानों सहित समुदाय पर आधारित होनी चाहिए । बहिरंग रोगी विभाग स्नातकों को छोटे-ग्रुपों में प्रशिक्षण दिए जाने के लिए उपयुक्त रूप से नियोजित होने चाहिए ।

(13) क्लीनिक छोटे ग्रुपों, अधिमानत: 10 विद्यार्थियों तक के ग्रुपों में, आयोजित की जाएं ताकि अध्यापक रोगियों के उपचार में प्रत्येक विद्यार्थी की कुशलता और सक्षमता में सुधार की दृष्टि से उन पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दे सके ।

(14) कार्य का उचित अभिलेख रखा जाना चाहिए जो विद्यार्थी के आन्तरिक मूल्यांकन का आधार होगा और भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा कालेज के निरीक्षण के समय निरीक्षकों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए ।

(15) रोग-लक्षणों अथवा सामुदायिक मामलों और समस्या को समझने और उसका समाधान करने दोनों में विभिन्न पूर्व-रोगलक्षण विधाओं की संबद्धता से आरम्भ करके समस्या-आधारित अध्ययन दृष्टिकोण का प्रयोग करते हुए परम्परागत विषय क्षेत्रों के बीच सम्पूर्ण अध्यापन को प्रोत्साहित करने के लिए अधिकतम प्रयास करना आवश्यक है । विधाओं को सीमित करने को हतोत्साहित करने के भरसक प्रयत्न किए जाएं ताकि विभिन्न चरणों में सर्वांगीण सम्पूर्णता प्राप्त की जा सके ।

(16) विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व, चरित्र, अभिव्यक्ति और ऐसी अन्य क्षमताओं के विकास के लिए ग्रुप-चर्चा और गोष्ठियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के भरसक प्रयास किए जाएं जो आयुर्विज्ञान स्नातक के स्वतन्त्र जीविका आरम्भ करने के समय अपने व्यवसाय अथवा दल-नेता के रूप में कार्य करने के लिए आयुर्विज्ञान स्नातक में आवश्यक है । एक चर्चा-ग्रुप में 20 विद्यार्थियों से अधिक विद्यार्थी नहीं होने चाहिएं ।

(17) विद्यार्थियों के अध्यापन के समय संकाय सदस्यों को आधुनिक शैक्षिक तकनीकी का उपयोग करना चाहिए और इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए संकाय विकास और अध्यापकों को अध्ययन संसाधन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सभी आयुर्विज्ञान कालेजों में आयुर्विज्ञान शिक्षा एकक/विभाग स्थापित किए जाने चाहिएं ।

(18) इस परिशोधित पाठ्यक्रम से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए 4 1/2 वर्षीय आयुर्विज्ञान तथा शल्य-विज्ञान स्नातक (एम.बी.बी.एस.) पाठ्यक्रम के दौरान एक कलेण्डर

वर्ष में विद्यार्थियों की छुट्टी-अवधि एक माह से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

(19) परिकल्पित पाठ्यक्रम को पूर्णत: कार्यान्वित करने की दृष्टि से राज्य सरकारें और संस्थागत निकाय सुनिश्चित करें कि पर्याप्त वित्तीय निवेश और तकनीकी साज-सामान उपलब्ध कराया गया है ।

3. आयुर्विज्ञान स्नातक प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य :

(1) राष्ट्रीय लक्ष्य : पूर्व-स्नातक कार्यक्रम के अन्त में आयुर्विज्ञान विद्यार्थी यह प्रयत्न करने के योग्य होगा कि :

(क) "सबके लिए स्वास्थ्य" को राष्ट्रीय लक्ष्य के रूप में मान्यता दी जाए और सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य का अधिकार हो और आयुर्विज्ञान व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करके इस लक्ष्य की प्राप्ति के निमित्त वह अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करे ।

(ख) स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय नीतियों के प्रत्येक पहलू का अध्ययन करे और इसके व्यावहारिक कार्यान्वयन के प्रति अपने को समर्पित करे ।

(ग) सामान्य रोगों के प्रोत्साहक, निवारक, रोगनाशक और स्वास्थ्यकारी पहलुओं को सम्मिलित करते हुए होलिस्टिक कार्य-चिकित्सा व्यवहार में सक्षमता प्राप्त करे ।

(घ) व्यवसाय में दक्षता तथा स्वस्थ-जीवन को प्रोत्साहित करने के लिए वैज्ञानिक मन:स्थिति का विकास करे और शैक्षिक अनुभव का अर्जन करे ।

(ङ) आयुर्विज्ञान आचार-शास्त्र का पालन करते हुए और सामाजिक और व्यावसायिक दायित्वों को पूरा करके अनुकरणीय नागरिक बनें ताकि राष्ट्रीय आकांक्षाओं को पूरा कर सके ।

(2) संस्थागत लक्ष्य : (1) राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक आयुर्विज्ञान संस्थान यह परिभाषित करने के लिए संस्थागत लक्ष्य निर्धारित करे कि वे किस प्रकार की प्रशिक्षित जन शक्ति (अर्थात् व्यावसायी) तैयार करना चाहते हैं । आयुर्विज्ञान संस्थान से बाहर आने वाले स्नातक-पूर्व विद्यार्थी :—

(क) प्राथमिक, माध्यमिक अथवा तीसरे स्तर पर स्वास्थ्य दल के स्वस्थ्य के रूप में इतिहास, शारीरिक जांच और संबद्ध परीक्षणों के आधार पर अपनी रोगलक्षण-कुशलता का प्रयोग करते हुए अपनी स्थिति के अनुरूप वैयक्तिक और समुदाय की आम स्वास्थ्य समस्याओं के निदान और प्रबन्धन में सक्षम हों ।

(ख) सामान्यत: सामने आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में निवारक, प्रोत्साहक, रोगनाशक और स्वास्थ्यकारी कार्य-चिकित्सा का व्यवसाय करने के लिए सक्षम हों ।

(ग) विभिन्न चिकित्सीय रूपात्मकताओं के तर्कधार को महत्व दें, "अनिवार्य औषधियों" को देने और उनके सामान्य अनर्थकारी प्रभावों की जानकारी हो ।

(घ) स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले समाज-मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारकों की पहचान करने की योग्यता हो और अपने व्यावसायिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में रोगियों के प्रति मानवांचित मनोवृत्ति का विकास हो ।

(ङ) सतत्-स्वयं-अध्ययन के लिए मनोवृत्ति हो और निपुणता हासिल करे अथवा आयुर्विज्ञान के किसी चयनित क्षेत्र में अनुसंधान करे ।

(च) निम्नलिखित के व्यावहारिक पहलुओं सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए अनिवार्य मूलभूत कारकों की जानकारी हो :—

(1) परिवार कल्याण और मातृक और शिशु स्वास्थ्य (मा.शि.स्वा.),

(2) स्वच्छता और जल-आपूर्ति,

(3) संक्रामक और गैर-संक्रामक रोगों का निवारण और नियंत्रण,

(4) टीकाकरण,

(5) स्वास्थ्य शिक्षा;

(छ) मानव संसाधनों, सामग्रियों के क्षेत्र में और स्वास्थ्य देखरेख प्रदान करने से संबंधित संसाधन प्रबन्धन में आधारभूत प्रबन्धन दक्षता अर्जित करे ।

(ज) सामुदायिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करने और अभिकल्पना द्वारा इनके समाधान का कार्य सीखने, सुधारात्मक कदम उठाने और ऐसे उपायों के परिणामों का मूल्यांकन करने के योग्य हों ।

(झ) स्वास्थ्य देखरेख दलों में एक प्रमुख साझेदार के रूप में कार्य करने और वार्तालाप कुशलता में दक्षता अर्जित करने के योग्य हों ।

(ञ) विभिन्न स्वास्थ्य देखरेख परिस्थितियों में कार्य करने के लिए सक्षम हों ।

(ट) व्यावसायिक जीवन के लिए वैयक्तिक निष्ठा, जिम्मेदारी की भावना और निर्भरता का अहसास और अन्य व्यक्तियों के साथ संबद्ध होने अथवा चिन्ता दर्शाने की योग्यता जैसी अपेक्षित वैयक्तिक विशेषताएं और मनोवृत्ति हों ।

(ठ) आयुर्विज्ञान स्नातक को परिशिष्ट "ख" में यथा-उल्लिखित कुशलताएं अर्जित करने के योग्य बनाने के सभी-प्रयास किए जाएं ।

अध्याय-2

प्रवेश, चयन, प्रवृजन और प्रशिक्षण :—

4. आयुर्विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवेश—"पात्रता मानक" : किसी भी अभ्यर्थी को प्रथम आयुर्विज्ञान और शल्य-चिकित्सा स्नातक (एम. बी. बी. एस.) पाठ्यक्रम के आयुर्विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी जब तक कि :—

(1) वह उक्त पाठ्यक्रम का विहित शैक्षिक सत्र आरम्भ होने वाले वर्ष की जुलाई के प्रथम दिन से पूर्व 17 वर्ष की आयु पूरी नहीं कर लेता/लेती ।

(2) उसने नीचे दिए अनुसार अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की हो :—

(क) उच्चतर माध्यमिक परीक्षा अथवा भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा जो 12 वर्ष के अध्ययन की अवधि के उपरान्त 10+2 उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के समकक्ष हो, अध्ययन के अंतिम दो वर्षों में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित अथवा शिक्षा पर राष्ट्रीय समिति द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार 10+2+3 वर्षीय शैक्षिक ढांचा आरम्भ किए जाने के बाद राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा अंग्रेजी के लिए यथा-निर्धारित कोर पाठ्यक्रम के स्तर पर अंग्रेजी सहित अन्य कोई वैकल्पिक विषय;

टिप्पणी : पाठ्यक्रम की विषय-सूची राष्ट्रीय समिति के 10+2 शैक्षिक ढांचे के लिए सिफारिश के अनुसार नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को आयर्विज्ञान कालेजों में प्रवेश से पूर्व एक वर्ष की अवधि का पूर्ण-व्यावसाय प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा;

अथवा

(ख) किसी भारतीय विश्वविद्यालय/बोर्ड अथवा अन्य मान्यता प्राप्त परीक्षा निकाय की भौतिक-विज्ञान, रसायन-विज्ञान और जीव-विज्ञान सहित विषयों में इन विषयों में प्रायोगिक परीक्षा भी शामिल हो और अंग्रेजी एक अनिवार्य विषय के साथ विज्ञान में इन्टरमीडिएट परीक्षा;

अथवा

3.2.3 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा अथवा प्री-यूनीवर्सिटी अथवा कोई समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने के पहचान भौतिक-विज्ञान, रसायन-विज्ञान और जीव-विज्ञान विषयों के साथ प्री-पोलीटेक्निक/प्री. आयर्विज्ञान परीक्षा/प्री. पोलीटेक्निक/प्री. आयर्विज्ञान परीक्षा में भौतिक-विज्ञान, रसायन-विज्ञान और जीव-विज्ञान में प्रायोगिक परीक्षा और अंग्रेजी एक अनिवार्य विषय के रूप में शामिल होना चाहिए ।

अथवा

(ग) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का भौतिक-विज्ञान, रसायन-विज्ञान और जीव-विज्ञान विषयों में प्रायोगिक परीक्षा सहित इन विषयों के साथ तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम का प्रथम वर्ष, बशर्ते कि परीक्षा "विश्वविद्यालय परीक्षा" हो और अभ्यर्थी ने कोर पाठ्यक्रम के स्तर का अंग्रेजी के साथ 10+2 उत्तीर्ण किया हो ।

अथवा

(घ) किसी भारतीय विश्वविद्यालय की विज्ञान-स्नातक परीक्षा, बशर्ते कि उसने भौतिक-विज्ञान, रसायन-विज्ञान, जीव-विज्ञान (वनस्पति-विज्ञान, प्राणि-विज्ञान, विषयों में से कम से कम दो विषयों के साथ- विज्ञान-स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की हो और इसके अलावा उसने पहले भौतिक-विज्ञान, रसायन-विज्ञान, जीव-विज्ञान और अंग्रेजी के साथ अर्हक परीक्षा भी उत्तीर्ण की हो ।

अथवा

(च) भौतिक-विज्ञान, रसायन-विज्ञान और जीव-विज्ञान विषयों में से प्रत्येक में प्रायोगिक परीक्षा सहित इन विषयों और अंग्रेजी के साथ कोई अन्य परीक्षा जो, विषय और स्तर में किसी भारतीय विश्वविद्यालय/बोर्ड की इन्टरमीडिएट विज्ञान परीक्षा के समकक्ष हो ।

टिप्पणी :

प्री. आयर्विज्ञान पाठ्यक्रम किसी आयर्विज्ञान कालेज अथवा किसी विज्ञान-कालेज में आयोजित किया जाएगा ।

आयर्विज्ञान और शल्य-चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए गणित में प्राप्त अंकों को शामिल नहीं किया जाएगा ।

10+2 पाठ्यक्रम आरम्भ कर दिए जाने के उपरान्त समीक्षित पाठ्यक्रम समाप्त कर दिए जाने चाहिए ।

5. विद्यार्थियों का चयन : आयर्विज्ञान कालेज में विद्यार्थियों का चयन पूर्णत: योग्यता क्रम के आधार पर होगा और योग्यताक्रम के निर्धारण के लिए निम्नलिखित कसौटी देशभर में समान रूप से अपनाई जाएगी :—

(1) अर्हक परीक्षा आयोजित करने वाली केवल एक आयर्विज्ञान कालेज और एक विश्वविद्यालय/बोर्ड/परीक्षा निकाय होने वाले राज्यों में, ऐसी अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों पर गौर किया जाएगा;

(2) अर्हक परीक्षा आयोजित करने के लिए एक से अधिक विश्वविद्यालय/बोर्ड/परीक्षा निकाय होने वाले (अथवा जहां एक ही प्राधिकरण के प्रशासनिक नियंत्रण धीन एक से अधिक आयर्विज्ञान कालेज हों) राज्यों में एक प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए ताकि समान मूल्यांकन किया जा सके क्योंकि विभिन्न एजेंसियों द्वारा आयोजित अर्हक परीक्षा के स्तर में भिन्नता हो सकती है;

(3) एक से अधिक कालेज होने वाले और अर्हक परीक्षा आयोजित करने वाला केवल एक विश्वविद्यालय/बोर्ड होने वाले राज्य में सभी कालेजों के लिए एक संयुक्त चयन बोर्ड गठित किया जाए ।

(4) अखिल भारतीय स्तरण के संस्थानों के मामलों में प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा नितान्त आवश्यक है ।

(5) प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा का पात्र होने के लिए अभ्यर्थी में "पात्रता कसौटी" शीर्ष टिप्पणी के अंतर्गत यथा-उल्लिखित कोई अर्हक परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो ।

परन्तु यह भी कि :—

(1) अर्हक परीक्षा के आधार पर प्रवेश के मामले में आयुर्विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी ने अर्हक परीक्षा के साथ ली गई परीक्षा में अंग्रेजी में 50% और भौतिक-विज्ञान, रसायन-विज्ञान और जीव-विज्ञान में 50% से कम अंक प्राप्त न किए हों;

(2) प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश के मामले में आयुर्विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी ने अर्हक और प्रतियोगी स्तरों परीक्षाओं में एक साथ ली गई परीक्षा में अंग्रेजी में 50 अंकों और भौतिक-विज्ञान, रसायन-विज्ञान और जीव-विज्ञान में 50% अंकों से कम अंक न प्राप्त किए हों ।

परन्तु यह भी कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों (अ. पि. व.) से सम्बन्ध अभ्यर्थियों के संबंध में प्राप्त अंकों को 50% की बजाए 40% रखा जाए ।

6. माइग्रेशन :—

(1) एक आयुर्विज्ञान कालेज से दूसरे आयुर्विज्ञान कालेज में माइग्रेशन विद्यार्थी का अधिकार नहीं है । तथापि, एक आयुर्विज्ञान कालेज से भारत के दूसरे आयुर्विज्ञान कालेज में विद्यार्थियों के माइग्रेशन पर भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् सकारण अत्यन्त अनुकम्पा आधार* पर आपवादिक मामलों में ही निम्नलिखित मानकों के परा होने की शर्त के अधीन विचार किया जा सकता है । अन्य आधारों पर नेमी माइग्रेशन की अनुमति नहीं होगी ।

(2) दोनों ही कालेज, अर्थात् एक जहां विद्यार्थी फिलहाल पढ़ रहा है और दूसरा जिसमें माइग्रेशन मांगा गया है, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त हों ।

(3) आवेदक अभ्यर्थी ने प्रथम प्रोफेशनल आयुर्विज्ञान और शल्य-चिकित्सा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो ।

(4) आवेदक अभ्यर्थी माइग्रेशन के लिए, हर लिहाज से पूर्ण, अपना आवेदन प्रथम आयुर्विज्ञान और शल्य-चिकित्सा स्नातक (एम. बी. बी. एस.) परीक्षा उत्तीर्ण करने (परिणाम की घोषणा) के एक माह की अवधि के अन्दर सभी संबंधित प्राधिकारियों को प्रस्तुत करता है ।

(5) आवेदक अभ्यर्थी यह उल्लेख करते हुए एक शपथ-पत्र अवश्य प्रस्तुत करे कि वह स्थानांतरित आयुर्विज्ञान कालेज में द्वितीय प्रोफेशनल आयुर्विज्ञान और शल्य-चिकित्सा स्नातक (एम. बी. बी. एस.) परीक्षा देने से पूर्व 18 माह का निर्धारित अध्ययन करेगा/करेगी, जिसे संबंधित विश्वविद्यालय जिसमें वह स्थानांतरण मांग रहा/रही है, के रजिस्ट्रार द्वारा विधिवत् प्रमाणित किया जाएगा । शपथ-पत्र प्राप्त होने पर ही स्थानांतरण लागू होगा ।

टिप्पणी :

(1) अध्ययन के शेष लक्षण पाठ्यक्रम के दौरान किसी भी आधार पर माइग्रेशन की अनुमति नहीं होगी ।

(2) कालेज प्राधिकारियों द्वारा माइग्रेशन के सभी आवेदन भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् को भेजे जाएंगे । कोई संस्थान/विश्वविद्यालय परिषद् के अनुमोदन के बिना सीधे माइग्रेशन की अनुमति नहीं देगा ।

(3) परिषद् को यह अधिकार होगा कि वह निम्न अनुकम्पा आधारों के अंतर्गत नहीं होने वाले किसी आवेदन पर गौर नहीं करे और उन मामलों में स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सके जहां आवेदक को परिषद् को आवेदन भेजे बिना माइग्रेशन की अनुमति दे दी गई है ।

टिप्पणी 2 : *अनुकम्पा आधार की कसौटी :

(1) पोषण संरक्षक की मृत्यु :

(2) अभ्यर्थी की रुग्णता के परिणामस्वरूप अक्षमता :

(3) आयुर्विज्ञान कालेज क्षेत्र में सरकार द्वारा घोषित अशान्त परिस्थितियां ।

7. प्रशिक्षण अवधि और समय-वितरण

(1) प्रत्येक विद्यार्थी आयुर्विज्ञान पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषयों के लिए अपने अध्ययन के आरम्भ होने की तारीख से परीक्षा समाप्त होने की तारीख तक 9 सेमिस्टरों (अर्थात् प्रत्येक 6 माह की) में विधिवत् 4½ से अधिक वर्षों की प्रमाणित अध्ययन अवधि और तत्पश्चात एक वर्ष का अनिवार्य आवासी शिक्षा-काल परा करेगा । प्रत्येक सेमिस्टर में एक घन्टे के दोपहर-अवकाश सहित 8 घन्टे के प्रत्येक कालेज कार्य-समय के लगभग 120 अध्यापन दिन होंगे ।

(2) 4½ वर्षों की अवधि नीचे दिए अनुसार तीन चरणों में विभाजित की गई है :—

(क) चरण-1 (दो सेमिस्टर)—इसमें रोग लक्षण-पूर्व विषय (मानव शरीर रचना विज्ञान, जीव भौतिक सहित शरीर विज्ञान, जीव रसायन और मानविकी सहित सामुदायिक आयुर्विज्ञान का परिचय) शामिल हैं। मानविकी सहित सामुदायिक आयुर्विज्ञान के परिचय के लिए 60 घन्टों के अलावा शेष समय को शरीर रचना-विज्ञान और जीव-रसायन सहित शरीर-विज्ञान के बीच लगभग बराबर विभाजित किया जाएगा (शरीर विज्ञान 2/3 और जीव रसायन 1/3)।

(ख) चरण-2 (3 सेमिस्टर)—इसमें परा-रोग लक्षण/रोग लक्षण विषय शामिल हैं।

इस चरण के दौरान परा-रोग लक्षण और रोग लक्षण विषयों का अध्यापन साथ-साथ कराया जाएगा।

परा-रोग लक्षण विषयों में विकृति-विज्ञान, औषध-विज्ञान, सूक्ष्म-जीव विज्ञान, विषविज्ञान सहित न्यायालयिक आयुर्विज्ञान और सामुदायिक आयुर्विज्ञान का एक भाग शामिल है।

रोग लक्षण विषयों में नीचे चरण 3 में उल्लिखित सभी विषय शामिल होंगे।

परा-रोग लक्षण अध्यापन के समय में से विकृति-विज्ञान, औषध-विज्ञान, सूक्ष्म-जीव-विज्ञान और न्यायालयिक आयुर्विज्ञान और संयोजित सामुदायिक आयुर्विज्ञान (1/3 न्यायालयिक आयुर्विज्ञान और 2/3 सामुदायिक आयुर्विज्ञान) के लिए लगभग समान समय आवंटित किया जाए। परिशिष्ट-ग देखें।

(ग) चरण 3. (चरण-1 उत्तीर्ण करने के बाद सात सेमिस्टरों के लिए रोग लक्षण विषयों का समस्त अध्ययन)।

चरण 2 और 3 के दौरान पढ़ाए जाने वाले रोग लक्षण विषयों में आयुर्विज्ञान और इसकी सम्बद्ध विशेषताएं, शल्य-चिकित्सा और इसकी सम्बद्ध विशेषताएं, प्रसूति-विज्ञान तथा स्त्री रोग विज्ञान और सामुदायिक आयुर्विज्ञान शामिल हैं।

यहां उल्लिखित समय-अनुसूची के अनुसार रोग लक्षण अध्ययन समय के अलावा शेष अध्यापन के घन्टों को विभिन्न विषयों में शिक्षात्मक व्याख्यानों, प्रदर्शनों, गोष्ठियों, ग्रुप-चर्चा आदि में विभाजित किया जाए। समय-विभाजन परिशिष्ट-ग के अनुसार किया जाएगा।

आयुर्विज्ञान और इसकी सम्बद्ध विशेषज्ञता प्रशिक्षण में सामान्य आयुर्विज्ञान, बाल चिकित्सा, यक्ष्मा और वक्ष, चर्म और लैंगिक संचारित रोग मनो-विकृति-संबंधी, विकिरण-निदान, संक्रामक रोग आदि शामिल होंगे। शल्य-चिकित्सा और इसकी सम्बद्ध विशेषताओं में सामान्य शल्य-चिकित्सा, भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास सहित विकलांग-शल्य-चिकित्सा, नेत्र-विज्ञान, कर्ण-नासा कंठ विज्ञान, निश्चेतनता, दन्त चिकित्सा, विकिरण-चिकित्सा आदि शामिल होंगी। प्रसूति-विज्ञान और स्त्री-रोग विज्ञान प्रशिक्षण में परिवार आयुर्विज्ञान, परिवार नियोजन आदि शामिल होंगे।

(3) प्रथम 2 सेमिस्टर (लगभग 240 अध्यापन दिन) में चरण-1 (पूर्व रोग लक्षण) विषय और स्वास्थ्य देखरेख प्रदान करने वाली आयुर्विज्ञान शिक्षा के परिप्रेक्ष्य की व्यापक बोधता के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा किसी भी विद्यार्थी को चरण-2 (परा-रोग-लक्षण/रोग लक्षण) ग्रुप विषयों में शामिल होने की तब तक अनुमति नहीं होगी जब तक कि वह चरण-1 (पूर्व रोग लक्षण) के सभी विषय उत्तीर्ण नहीं कर लें जिसके लिए उसे पंजीयन की तारीख से तीन वर्षों में चार अवसर पूरे करने की शर्त के अधीन चार से अधिक अवसर (वास्तविक परीक्षा) नहीं दिए जाएंगे।

(4) पूर्व-रोग लक्षण विषय उत्तीर्ण करने के पश्चात् 1½ वर्ष (3 सेमिस्टर) परा-रोग लक्षण विषयों से संबंधित होंगे।


चरण-2 रोग लक्षण प्रशिक्षण के साथ परा-रोग लक्षण और रोग-लक्षण विषयों से संबंधित होंगे। रोग-लक्षण चरण (चरण-3) के दौरान पूर्व-रोग लक्षण और परा-रोग लक्षण अध्यापन संगत होने पर रोग लक्षण विषयों के अध्यापन में समाकलित होगा।

(5) शिक्षात्मक व्याख्यान समय-अनुसूची के एक तिहाई से अधिक नहीं होने चाहिए, दो तिहाई अनुसूची में प्रयोग, रोग लक्षण अथवा/और समूह चर्चा शामिल होनी चाहिए। शिक्षा-प्राप्ति प्रक्रिया में जीवन्त अनुभव, समायामूलक अध्यापन, केस अध्ययन और सामुदायिक स्वास्थ्य देखरेख गतिविधियां शामिल होने चाहिएं।

(6) विश्वविद्यालय प्रवेश-समय और प्रवेश प्रक्रिया इस प्रकार तय करें कि प्रथम सेमिस्टर प्रत्येक वर्ष के 1 अगस्त को आरम्भ हो जाए।

(7) पूरक परीक्षा 6 महीने के अन्दर आयोजित की जाए ताकि उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी मुख्य बैच में शामिल हो सकें और अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को अगली वर्ष में परीक्षा देनी होगी।

8. चरण-वितरण और परीक्षा-समय



टिप्पणी :—

(क) खण्ड-2 प्रशिक्षण में जाने से पूर्व प्रथम व्यावसायिक उत्तीर्ण करना अनिवार्य है ।

(ख) द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी को तृतीय व्यावसायिक भाग-1 परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि वह द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा के सभी विषय उत्तीर्ण नहीं कर लेता ।

(ग) 8वें और 9वें सेमिस्टर प्रशिक्षण में प्रवेश से पूर्व तृतीय व्यावसायिक (भाग-1) परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं है । परन्तु तृतीय व्यावसायिक (भाग-2) परीक्षा का पात्र होने के लिए तृतीय व्यावसायिक (भाग-1) उत्तीर्ण करना अनिवार्य है ।

तीसरे से 9वें सेमिस्टर के दौरान, पूर्व कक्षा के लिए आयुर्विज्ञान और शल्य-चिकित्सा में रोग लक्षण विधियों में प्रत्येक में दो सप्ताह के प्रारम्भिक पाठ्यक्रम के पश्चात् विभिन्न विभागों के लिए नीचे दी गई सारणी में यथा-विनिर्दिष्ट तीन घन्टे की अवधि के रोग लक्षण प्रशिक्षण का सुझाव दिया जाता है ।

सारणी

कुल विषय	तृतीय सत्र (सप्ताह)	चतुर्थ सत्र (सप्ताह)	पांचवां सत्र (सप्ताह)	छठा सत्र (सप्ताह)	सातवां सत्र (सप्ताह)	आठवां सत्र (सप्ताह)	नौवां सत्र (सप्ताह)	कुल (सप्ताह)
सामान्य*** चिकित्सा शास्त्र	6	—	4	—	4	6	6	26
बाल रोग	—	2	—	2	2	4	—	10
क्षय रोग तथा छाती रोग	—	2	—	—	—	—	—	02
चर्म तथा लैंगिक संचारित रोग	—	2	—	2	—	2	—	06
मनोरोग विज्ञान	—	—	2	—	—	—	—	02
विकिरण चिकित्सा विज्ञान*	—	—	—	—	2	—	—	02
सामान्य**** शल्य चिकित्सा	6	—	4	—	4	6	6	26
विकलांग** विज्ञान	—	—	4	4	—	—	2	10
नेत्र विज्ञान	—	4	—	4	—	—	2	10
कान, नाक तथा गला	—	4	—	4	—	—	—	08
परिवार***** कल्याण योजना सहित प्रसूति विज्ञान तथा स्त्री रोग विज्ञान	2	4	4	—	4	4	6	24
समुदाय औषध	4	4	—	4	—	—	—	12
रूमेटोलॉजी	—	—	—	2	—	—	—	02
दन्त चिकित्सा	—	—	—	—	2	—	—	02
कुल (सप्ताहों में)	18	22	18	22	18	22	22	142

— औषध तथा शल्य-चिकित्सा में सम्पूर्ण कक्षा के लिए क्लीनिकल पद्धति तीसरे सत्र के आरम्भ में क्रमशः दो सप्ताह प्रत्येक की होगी ।

* जहां उपलब्ध होने पर इसमें एक्सरे यांत्रिक तथा विकिरण चिकित्सा सम्मिलित है ।

** इसमें पुनर्वास तथा व्यावसायिक चिकित्सा सम्मिलित है ।

*** इसमें प्रयोगशाला चिकित्सा शास्त्र तथा संक्रामक रोग सम्मिलित है ।

**** इसमें मरहम-पट्टी तथा निश्चेतनता विज्ञान सम्मिलित है ।

***** इसमें प्रसूति प्रशिक्षण तथा परिवार चिकित्सा सम्मिलित है तथा तृतीय सत्र में परिवार कल्याण योजना होगी ।]

तीसरा अध्याय

पाठ्यक्रम (विषय-वार)

9. पूर्व-क्लीनिकल विषय-चरण-1 : इन विषयों को पढ़ाने में उनके व्यावहारिक पहलुओं पर जोर देते हुए इन विषयों के आधारभूत सिद्धान्तों पर अधिक जोर दिया जाएगा ।

(1) मानव शरीर रचना

(1) लक्ष्य :

स्नातक पूर्व विद्यार्थियों को शरीर रचना विज्ञान पढ़ाने का मुख्य लक्ष्य स्थूलकाय तथा सूक्ष्मदर्शनी संरचना तथा मानव शरीर के विकास के लिए अंगों के क्लीनिकल परस्पर संबंध को समझने के लिए आधार उपलब्ध करना तथा रोग प्रस्तुतीकरण के लिए शरीर रचना विज्ञान का आधार समझना है ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित के संबंध में समर्थ होगा :—

(क) शरीर की विभिन्न संरचनाओं में सामान्य स्थिति, क्लीनिकल रूप में परस्पर सम्बन्ध, कार्यात्मक और प्रतिनिधि शरीर रचना विज्ञान को समझना ।

(ख) विभिन्न अंगों तथा उतकों की सूक्ष्मदर्शी संरचना की पहचान करना तथा प्रारम्भिक शल्य-संरचना के साथ परस्पर संबंध स्थापित करना और विभिन्न रोग प्रक्रियाओं में परिवर्तित स्थिति को समझने के लिए पूर्वापेक्षा के रूप में संरचना का कार्यों के साथ संबंध स्थापित करना ।

(ग) अंगों तथा प्रणाली के समाकलित तथा नियंत्रक कार्यों का विश्लेषण करने के लिए केन्द्रीय स्नायुतंत्र प्रणाली की आधारभूत संरचना और सम्बन्धों को समझना पायी गई कमियों के अनुसार वह स्थूलक्षति के स्थान का पता लगाने में समर्थ होगा/होगी ।

(घ) अंगों और प्रणालियों के आधारभूत सिद्धान्तों तथा आनुक्रमिक विकास के ज्ञान को प्रदर्शित करना, विकास तथा सामान्य टेराटोजेन, आनुवंशिक परिवर्तन तथा पर्यावरणीय जोखिम के प्रभाव की समीक्षात्मक स्थितियों की पहचान करना । वह प्रमुख भिन्नताओं तथा विषमताओं के विकासात्मक आधार को स्पष्ट करने में समर्थ होगा/होगी ।

(ख) कार्य-कुशलता :

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित को समझ पाएगा ।

(क) शरीर की पूरी संरचना को समझना और पता लगाना तथा जीवित मानव शरीर की स्थूल आकृति को चिन्हित करना ।

(ख) सूक्ष्मदर्शी यंत्र में अंगों तथा उतकों की पहचान करना ।

(ग) क्रोमोटाइपिंग के सिद्धांतों को समझना तथा जन्मजात स्थूलकाय विषमताओं की पहचान करना ।

(घ) नयी काल्पनिक तकनीकों के सिद्धान्तों को समझना तथा कम्प्यूटरीकृत टामोग्राफी (सी.टी.) सोनाग्राम आदि की व्याख्या करना ।

(ङ) कुछेक सामान्य नैदानिक प्रक्रियाओं के नैदानिक आधार, अर्थात् अन्तःपेशी तथा अन्तःशिरा इंजेक्शन । कथिटेराइजेशन तथा गुर्दा बायाप्सी आदि को समझना ।

(ग) समाकलन

अन्य आधारभूत विज्ञानों के समाकलित शिक्षण से विद्यार्थी शरीर में अंगों और प्रणालियों के कार्यों के नियंत्रण और समाकलन को समझ सकेगा और इस प्रकार रोग प्रक्रिया के शरीर-रचना-विज्ञान आधार की व्याख्या कर सकेगा ।

(2) जीव-भौतिकी सहित मानव शरीर क्रिया विज्ञान

(क) शरीर क्रिया विज्ञान

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थियों को शरीर क्रिया विज्ञान पढ़ाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी को स्वास्थ्य तथा रोग के शरीर क्रिया विज्ञान आधार को समझने में सुविधा के लिए शरीर की अंग प्रणालियों के सामान्य कार्यों की व्यापक जानकारी करना है ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित को समझ सकेगा ।

(1) सम्पूर्ण अंग प्रणालियों के सामान्य कार्य की व्याख्या और भली-भांति समंकित पूरे शरीर के कार्य के लिए परस्पर संबंध की व्याख्या ।

(2) प्रत्येक अंग प्रणाली के आन्तरिक परिवेश में सुलनामक अंशदान का निर्धारण ।

(3) सामान्य बढ़त और विकास के शारीरिक पहलुओं को स्पष्ट करना ।

(4) शारीरिक प्रतिक्रिया तथा पर्यावरणीय दबाव में अनुकूलन को स्पष्ट करना ।

(5) रोगजनन तथा रोग के उपचार पर प्रकाश डालते हुए शारीरिक सिद्धान्तों को दर्ज करना ।

(ख) कार्य-कुशलता :

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित समझ पायेगा :

(1) शारीरिक घटना के अध्ययन के लिए तैयार किए गए प्रयोगों का संचालन ।

(2) प्रायोगिक/अन्वेषणात्मक आंकड़ों की व्याख्या ।

(3) ऐसे परीक्षण के फलस्वरूप प्राप्त सामान्य और असामान्य आंकड़ों के बीच अन्तर जो उसने प्रयोगशाला में किए हैं ।

(ग) समाकलन :

समाकलित अध्ययन की समाप्ति पर विद्यार्थी अंग संरचना तथा इनके कार्य और इसकी नियंत्रक प्रक्रिया का समेकित ज्ञान उपार्जित कर सकेगा ।

(ख) जीव-भौतिकी

(क) लक्ष्य तथा उद्देश्य :

स्नातक पूर्व विद्यार्थियों को जीव-भौतिकी पढ़ाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि वे शरीर तंत्रों के कार्य करने में सामान्य तथा बीमारी की स्थितियों में निहित आधारभूत भौतिक सिद्धान्तों को समझ सकें ।

जीव-भौतिकी पढ़ाई के लिए कुल समय	=	5 घंटे
जिसमें से : 1. शिक्षात्मक व्याख्यान	=	3 घंटे
2. शैक्षिक/सामूहिक चर्चा	=	1 घंटा
3. प्रायोगिक	=	1 घंटा

(ख) विषय वितरण :

(1) व्याख्यान :

(1) कोशिका झिल्लियों के पार तथा कोशिका दीवार के पार बाहित भौतिक सिद्धान्त ।

(2) जीवन्त शक्ति ।

(3) हृद तथा रक्त शिराओं में रक्त प्रवाह से संबंधित भौतिक सिद्धान्त तथा वायु वाले स्थानों में वायु बहाव से संबंधित भौतिक सिद्धान्त ।

(2) शैक्षिक/सामूहिक चर्चा : शिक्षात्मक व्याख्यान में सम्मिलित व्याख्यान ।

(3) प्रायोगिक :

निम्नलिखित का प्रदर्शन :

(क) ऑसिलोस्कोप पर जीवन शक्ति

(ख) विद्युत मस्तिष्क लेख (इ. ई. जी.)

(ग) विद्युत माइलोग्राम (इ. एम. जी.)

(घ) विद्युत हृद-लेख (इ. सी. जी.)

(3) जीवरसायन

जीवरसायन में चिकित्सा भौतिकी तथा आणविक जीव विज्ञान सम्मिलित हैं ।

(1) लक्ष्य :

जीवरसायन में स्नातकपूर्व विद्यार्थियों को पढ़ाने का मुख्य उद्देश्य आणविक स्तर पर उन्हें जीव प्रक्रिया के वैज्ञानिक आधार समझाना तथा रोग-नैदानिक समस्याओं को हल करने के लिए अर्जित ज्ञान का प्रयोग करने में प्रवीण बनाना है ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित को समझ पायेगा :

(1) किसी कोशिका के आणविक तथा कार्यात्मक संगठन का वर्णन और इसके उपकोशिकीय घटकों को दर्ज करना;

(2) जीव अणु संरचना, कार्य तथा परस्पर सम्बन्धों की व्याख्या और सामान्य से भिन्नता के परिणाम;

(3) एन्जाइमिकी के मूलभूत पहलुओं का प्रस्तुतीकरण और जहां एन्जाइम संबंधी गतिविधि के नियंत्रण में परिवर्तन को वहां उसकी नैदानिक उपयोगिता;

(4) पोषक तत्वों के पाचन तथा स्वांगीकरण और कुपोषण के परिणाम का स्पष्ट करना;

(5) क्षयापचय के विभिन्न पहलुओं और उनके नियंत्रक मार्गों को समाकलित करना ।

(6) वंशज अवस्था और उसमें जुड़े हुए प्रभावों का जीव-रसायन आधार स्पष्ट करना;

(7) शरीर की फल्यड और पी. एच. धातुसाम्य के पोषण से संबंधित तंत्र का विवरण करना;

(8) जीन अभिव्यक्ति तथा नियंत्रण की आणविक तंत्र तैयार करना, आनुवंशिक इंजीनियरी के सिद्धान्त और आयुर्विज्ञान में उन्हें लागू करना;

(9) शारीरिक प्रतिरोध की आणविक कल्पना को स्पष्ट करना और आयुर्विज्ञान में उसे लागू करना;

(10) पर्यावरणीय स्वास्थ्य जोखिम के जीवरसायन आधार और कैंसर तथा कैंसरजनक स्थिति का जीव-रसायन आधार तैयार करना ।

(11) विभिन्न परम्परागत तथा विशेषज्ञता प्रयोगशाला जांच के सिद्धान्तों की जानकारी प्राप्त करना और उपकरणों का विश्लेषण तथा उपलब्ध आंकड़ों की व्याख्या करना;

(12) सैद्धांतिक परिकल्पना तथा क्लीनिकल रोग निदान के समर्थन में प्रयोगों का सुझाव देना ।

(ख) कार्यकुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित समझ पाएगा :—

(1) क्लीनिकल स्क्रीनिंग तथा रोग निदान से सम्बद्ध जीव-रसायन विश्लेषण तैयार करने के लिए परम्परागत तकनीकों/उपकरणों का प्रयोग करना ।

(2) जांच संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण तथा व्याख्या करना।

(3) नैदानिक तथा क्लीनिकल समस्याओं को हल करने की कार्यकुशलता प्रदर्शित करना और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना ।

(ग) समाकलन

जीव-रसायन में अर्जित ज्ञान से विद्यार्थियों को मानव-शरीर की संरचना तथा कार्य के साथ स्वास्थ्य तथा रोग में आणविक घटनाओं को समाकलित करने में सहायता मिलेगी ।

(4) मानव-विज्ञान तथा समुदाय आयुर्विज्ञान परिचय :

इसमें जनपद विज्ञान, स्वास्थ्य, आर्थिकी, औषध, समाज-विज्ञान, अस्पताल प्रबंध, मनोविज्ञान सहित व्यवहार संबंधी विज्ञान विषयों का परिचय शामिल है ।

उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

विद्यार्थी निम्नलिखित की योग्यता प्राप्त कर सकेगा :

(1) जन-सांख्यिकीय, जनसंख्या, गतिशीलता सहित समाज-विज्ञान के साधनों की व्याख्या ।

(2) शहरी तथा ग्रामीण समाज के सन्दर्भ में स्वास्थ्य, रोग तथा अपंगता से संबंधित सामाजिक घटकों की पहचान।

(3) स्वास्थ्य तथा रोगों पर शहरीकरण के प्रभाव का मूल्यांकन ।

(4) सामुदायिक व्यवहार की बदलती हुई स्थिति को ध्यान में रखने तथा उसकी व्याख्या करना ।

(5) सामान्य मनोविज्ञान तथा सामाजिक मनोविज्ञान के घटकों का विवरण करना ।

(6) अस्पताल तथा समुदाय स्थिति में औषध को व्यवहार में लाने के सिद्धांत को समझना ।

(ख) कार्यकुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित का लाभ उठा सकेगा :—

(1) अस्पताल तथा समुदाय स्थिति में औषद को व्यवहार में लाने के सिद्धांत तथा प्रारम्भिक परिचर्या व्यवहार की जानकारी ।

(2) रोगियों के पूर्व इतिहास की जानकारी तथा औषध सामाजिक कार्य हासिल करने के साथ-साथ रोगियों के साथ बातचीत करने की कला की जानकारी ।

सामुदायिक औषध के शिक्षण में सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण दोनों शामिल होंगे । प्रशिक्षण कार्यक्रम के व्यावहारिक पहलुओं में स्वास्थ्य स्थापनाओं के दौरे और ऐसे समुदाय के बीच दौरे शामिल होंगे जहां स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रम चल रहे हों ।

प्रशिक्षण के इस चरण में शुरू किए जाने वाले सामुदायिक औषध विज्ञान की मूल कल्पना विद्यार्थियों के मस्तिष्क में स्पष्ट करने की दृष्टि से यह सुझाव दिया जाता है कि तैयार किए जाने वाले विस्तृत पाठ्य विवरण में व्याख्यान, प्रदर्शन, गोष्ठियों आदि के लिए कम-से-कम 30 घन्टे और इसके साथ ही प्रत्येक दो घन्टे के कम-से-कम 15 वीजिट शामिल किए जाएंगे ।

10 चरण-2 के परा-क्लीनिकल विषय

(1) विकृति-विज्ञान :

(1) लक्ष्य :

विकृति विज्ञान में पूर्व-स्नातक विद्यार्थी को शिक्षण का मुख्य लक्ष्य उन्हें बीमारी के तंत्र और कारणों को व्यापक जानकारी करना है ताकि वे रोग के प्राकृतिक स्थिति तथा क्लीनिकल स्थिति की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकें ।

(2) उद्देश्य :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित समझ पाएगा :—

(1) बीमारी कोशिका की संरचना तथा अल्ट्रा-संरचना का विवरण, कोशिका प्रजनन का तंत्र, कोशिका मृत होना तथा उसकी मरम्मत एवम् संरचनात्मक तथा कार्य प्रवर्तनों का परस्पर सम्बन्ध स्थापित कर सकेगा ।

(2) धातु-साम्य के पोषण को नियंत्रित करने वाली चिरकारी शरीर क्रिया सम्बन्धी प्रक्रिया को स्पष्ट करना, उनके विघटन को स्पष्ट करना और इससे सम्बद्ध आकृतिक तथा क्लीनिकल स्थितियों को स्पष्ट करना ।

(3) चोट की उत्तक अनुक्रिया तंत्र और पद्धति का विवरण ताकि वह रोग प्रक्रिया की चिरकारी क्रिया और उसकी क्लीनिकल स्थिति का मूल्यांकन कर सके ।

(4) रोग प्रक्रियाओं और उनके क्लीनिकल महत्व को समझने के लिए आवश्यक सीमा तक सामान्य रोगों में विभिन्न अंग प्रणालियों की सामान्य तथा परिवर्तित मोरफोलोजी (अस्पष्ट तथा सूक्ष्मदर्शी) का प्रयोग संबंध ।

(ख) कार्य-कुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित समझ पाएगा :—

(1) रोग नैदानिक प्रयोगशाला परीक्षणों की तकनीकी कार्यविधियों के युक्तिकरण तथा सिद्धान्तों का विवरण और परिणाम की विवेचना ।

(2) रक्त, मूत्र तथा अन्य जीव-रसायनिक फ्लूइड नमूनों के साधारण शैय्या पर परीक्षण करना ।

(3) सामान्य अव्यवस्थाओं के कारणों का रोग निदान तथा प्रबन्ध करने की दृष्टि से जांच की तर्कसंगत योजना तैयार करना ।

(4) जीव-रसायनिक शारीरिक विघटन की ऐसी स्थिति को समझना जो पूर्व-क्लीनिकल विभागों के सम्पर्क में रोग के परिणामस्वरूप उत्पन्न होते हैं ।

(ग) समाकलन :

प्रशिक्षण की समाप्ति पर वह रोग के कारणों को समाकलित कर सकेगा/सकेगी तथा भारत में आमतौर पर होने वाले रोगों

के प्राकृतिक इतिहास के लिए आवश्यक होने वाली विभिन्न हेतुकीय कारकों (सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरण सम्बन्धी) का सम्बन्ध स्थापित कर सकेगा ।

(2) सूक्ष्म जीव-विज्ञान

(1) लक्ष्य :

स्नातक पूर्व विद्यार्थियों को सूक्ष्म जीव-विज्ञान पढ़ाने का मुख्य उद्देश्य संक्रमण रोग के नैसर्गिक इतिहास की जानकारी प्रदान करना है ताकि जनसमूह में संक्रमणों की हेतुकी, रोगजनन, प्रयोगशाला निदान, उपचार तथा नियंत्रण से संबंधित कार्य कर सकें ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित समझ सकेगा :—

(1) मानव शरीर की संक्रामक सूक्ष्म-जीव की स्थिति तथा बाह्य परजीवी संबंध का विवरण ।

(2) रोगजनन सूक्ष्म-जीव (बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी, फांगी) का पता लगाना और उनके द्वारा उत्पन्न रोगों के रोगजनन का विवरण;

(3) रोगजनन तथा अवसरवादी जीव के संचारण की स्थिति तथा उल्लेख और संक्रमण के संचारण के लिए जिम्मेदार कीट रोगवाहक सहित उनका स्रोत;

(4) संक्रमण से प्रतिरोधी प्रक्रिया का विवरण;

(5) संक्रमण के उपचार के लिए उपयुक्त सूक्ष्म जीव रोधी एजेन्टों का ज्ञान अर्जित करना और संचारणशील रोगों की रोकथाम के लिए उपलब्ध प्रतिरक्षा चिकित्सा तथा विभिन्न वैक्सीनों का कार्यक्षेत्र ।

(6) अस्पताल तथा समुदाय अर्जित रोगों के नियंत्रण तथा रोकथाम लिए संक्रमण हरण तथा संक्रमण की विधियां लागू करना;

(7) खाद्य-सामग्री, जल, दूध तथा वायु के जीवाणु-विज्ञान परीक्षा के संबंध में प्रयोगशाला जांच-पड़ताल की सिफारिश करना ।

(ख) कार्य-कुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) संक्रामक रोगों के निदान के लिए प्रयोगशाला जांच-पड़ताल की योजना तथा व्याख्या और हेतुकी एजेन्ट के साथ क्लीनिकल विविधताओं से तालमेल करना;

(2) प्रयोगशाला कार्यविधियों की सहायता से सामान्य संक्रामक एजेन्टों की पहचान करना और उपयुक्त सूक्ष्म जीव निरोधक एजेन्टों का चयन करने के लिए सूक्ष्म जीव निरोधक संवेदनशीलता परीक्षणों का प्रयोग करना;

(3) संक्रामक एजेन्टों का पता लगाने के लिए आमतौर पर प्रयोग में लाए जाने वाले बिस्तर-पर-परीक्षण करना, जैसे कि मलेरिया, फायलेरिया, ग्राम अभिरंजन तथा अम्ल स्थायी दण्डाणु (ए. एफ. बी.) अभिरंजन और डिम्ब सिस्ट आदि के लिए मल नमूना ।

(4) सूक्ष्म जीव विज्ञान संबंधी जांच-पड़ताल के लिए क्लीनिकल सामग्री के संग्रहण, भंडारण और परिवहन के सही पद्धति का प्रयोग ।

(ग) समाकलन :

विद्यार्थी क्लीनिकल, चिकित्सीय तथा निरोधक पहलुओं के संबंध में राष्ट्रीय महत्व के संक्रामक रोगों को समझ सकेगा ।

(3) फार्माकोलॉजी

(1) लक्ष्य :

स्नातक पूर्व विद्यार्थियों के फार्माकोलॉजी के शिक्षण का मुख्य लक्ष्य चिकित्सा शास्त्र के तर्कसंगत और वैज्ञानिक आधार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) अनिवार्य तथा आमतौर पर प्रयोग की जाने वाली औषधियों की भैषज बलगतिकी तथा भैषज क्रिया विज्ञान का विवरण;

(2) आमतौर पर प्रयोग की जाने वाली औषधियों के संकेत, विपरीत संकेत, अन्योन्य क्रिया तथा प्रतिकूल प्रतिक्रिया की स्थिति की जानकारी;

(3) औषधि की लागत उपयुक्तता और निम्नलिखित के सम्बन्ध में सुरक्षा पर विचार करते हुए किसी विशेष बीमारी में उपयुक्त औषधि के प्रयोग का उल्लेख करना :—

(1) व्यक्तिगत आवश्यकता;

(2) राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत जन-साधारण की चिकित्सा ।

(4) विष देने के आम मामलों के भेषज क्रिया विज्ञान आधार, क्लीनिकल प्रस्तुतीकरण, रोग निदान तथा प्रबंध का उल्लेख करना;

(5) व्यसनकारी औषधियों का पता लगाना और उनके प्रबंध की सिफारिश करना;

(6) पर्यावरणीय और व्यावसायिक प्रदूषण का वर्गीकरण करना और प्रबन्ध मुद्दों का उल्लेख करना;

(7) विशेष चिकित्सा स्थितियों जैसे कि गर्भावस्था, स्तनय श्रवण (लैक्टेशन) बाल्य अवस्था तथा वृद्धा-अवस्था में औषधियों की सलाह देने में सावधानियों का उल्लेख करना;

(8) क्लीनिकल औषध विज्ञान में तर्कसंगत औषध चिकित्सा शास्त्र की कल्पना का समाकलन;

(9) "अनिवार्य औषधियों" की कल्पना से संबंधित सिद्धान्तों का उल्लेख करना;

(10) नयी औषधियों के विकास तथा प्रचलन में अंतग्रस्त नैतिक शास्त्र और विविधताओं का मूल्यांकन करना ।

(ख) कार्य-कुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर निम्न कार्य करने योग्य हो सकेगा :—

(1) आम बीमारियों के लिए औषधियों की सलाह देना;

(2) आमतौर पर प्रयोग की जाने वाली औषधियों की प्रतिकूल प्रतिक्रिया और अन्तर्यन क्रिया का पता लगाना;

(3) औषधियों, जैव-आमापन के प्रभावों का अध्ययन करने के लिए तैयार किए गए प्रयोगों का अनुपालन करना और प्रायोगिक आंकड़ों की व्याख्या करना ।

(4) आम भेषजिक उत्पादों पर सूचना का विवेचन करना और औषध विनिर्माण का तर्कसंगत मूल्यांकन करना;

(ग) समाकलन :

क्लीनिकल विभागों तथा पूर्व-क्लीनिकल विभागों में समाकलित शिक्षण के माध्यम से क्लीनिकल व्यवसाय में औषधियों के प्रयोग का प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त हो सकेगा ।

(4) विष-विज्ञान सहित न्याय संबंधी चिकित्सा :

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थियों को न्याय सम्बन्धी चिकित्सा के शिक्षण का मुख्य लक्ष्य ऐसा चिकित्सक तैयार करना है जो औषधियों के व्यवसाय में चिकित्सा न्यायिक जिम्मेदारियों के बारे में भलीभांति परिचित हो । वह आपराधिक मामलों में सही मार्ग अपनाने और इससे सम्बद्ध चिकित्सा न्यायिक समस्याओं की जांच-पड़ताल के सम्बन्ध में सही धारणा बनाने तथा तर्कसंगत आधार पर सही निष्कर्ष निकालने में भी समर्थ हो सकेगा/सकेगी । वह चिकित्सा व्यवसाय, चिकित्सीय उपेक्षा के संबंध में विधि का ज्ञान प्राप्त कर सकेगा/सकेगी और चिकित्सा आचार संहिता के प्रति श्रद्धा की भावना का विकास हो पाएगा ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) अस्पताल तथा सामान्य व्यवसाय के बुनियादी चिकित्सा न्याय पहलुओं की पहचान;

(2) किसी ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अथवा शहरी स्वास्थ्य केन्द्र पर सामुदायिक सेवा करने के दौरान सामान्य चिकित्सक की चिकित्सा न्याय जिम्मेदारियों की व्याख्या;

(3) आपराधिक मामलों में चिकित्सक की जिम्मेदारी का मूल्यांकन और चिकित्सा आचार-संहिता के प्रति श्रद्धा की भावना;

(4) आमतौर पर जटिल तथा पेचीदा विष देने से संबंधित मामलों का निदान, प्रबन्ध तथा इसके विधिक पहलुओं की पहचान;

(5) आम अप्राकृतिक परिस्थितियों तथा विष देने के कारण मृत्यु के मामलों में शव परीक्षा की चिकित्सा न्यायिक पहलुओं और निष्कर्षों की व्याख्या;

(6) व्यावसायिक तथा पर्यावरणीय विष देने के मामलों का पता लगाना, आम विष देने के मामलों की रोकथाम तथा जानपदिक रोग विज्ञान और विशेष रूप से कर्मकार प्रतिकर अधिनियम से संबंधित उसके कानूनी पहलुओं का पता लगाना;

(7) विश्लेषणात्मक विष विज्ञान के सामान्य सिद्धान्तों की व्याख्या ।

(ख) कार्य-कुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) आपराधिक मामलों और चिकित्सा न्यायिक समस्याओं में जांच प्रारम्भ करने की दृष्टि से अभ्युक्तियां करना और तर्कसंगत आधार तैयार करना;

(2) विष देने से संबंधित मामलों और चिरकारी विषाक्तता में आम आपात स्थितियों में रोग निदान तथा उपचार;

(3) शव परीक्षा पर अभ्युक्तियां करना और निष्कर्ष की व्याख्या करना;

(4) इस व्यवसाय में कार्य करने में चिकित्सा आचार के सिद्धान्तों का अनुपालन ।

(ग) समाकलन :

स्वास्थ्य देखरेख के सभी स्तरों पर चिकित्सकों की चिकित्सा न्यायिक जिम्मेदारियों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देने के लिए विभाग विकृति-विज्ञान, रेडियोलाजी, न्यायसम्बन्धी विज्ञान, अस्पताल प्रशासन आदि जैसी सम्बद्ध विधाओं के प्रति समाकलित दृष्टिकोण की व्यवस्था करेगा । सम्बद्ध विधाओं के साथ समाकलन से नैदानिक विष विज्ञान, अर्थात् औषध, फार्माकालाजी आदि का वैज्ञानिक आधार सुलभ होगा ।

(5) सामुदायिक औषध :

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थियों को सामुदायिक औषध में शिक्षण का मुख्य लक्ष्य उन्हें समुदाय के रूप में कार्य करने और संस्थागत लक्ष्यों के अनुसार प्रथम स्तर का चिकित्सक बनाने के लिए तैयार करना है ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) देश में अपंग व्यक्तियों के पुनर्वास सहित स्वास्थ्य देखरेख प्रदाय प्रणाली की व्यवस्था;

(2) मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों, परिवार कल्याण योजना तथा जनसंख्या नियंत्रण पर विशेष जोर देते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की व्यवस्था;

(3) जानपदिक प्रणालियां विकसित करना और समुदाय अथवा अस्पताल की स्थिति में संक्रामक तथा गैर-संक्रामक रोगों पर उन्हें लागू किए जाने की स्थिति का उल्लेख करना;

(4) जीव-सांख्यिकीय प्रणालियों तथा तकनीकों को लागू करना;

(5) देश का जन सांख्यिकीय आधार तैयार करना और स्वास्थ्य तथा रोगों में व्यक्तियों, परिवार, समुदाय तथा सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश की भूमिका का महत्व समझना;

(6) स्वास्थ्य सूचना प्रणालियों का उल्लेख करना;

(7) "सभी के लिए स्वास्थ्य" के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखरेख और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीतियों के सिद्धान्तों और घटकों का विवरण तैयार करना;

(8) पर्यावरणीय और व्यावसायिक जोखिमों की शिनाख्त करना और उनका नियंत्रण;

(9) मानव स्वास्थ्य में जल तथा सफाई के महत्व की व्याख्या करना;

(10) समुदाय के सम्बन्ध में स्वास्थ्य सांख्यिकीय, स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य शिक्षा के सिद्धान्तों को समझना ।

(ख) कार्य-कुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य करने में समर्थ हो जाना चाहिए :—

(1) समुदाय तथा वैयक्तिक रोगी हस्तक्षेप से सम्बन्ध तर्कसंगत निर्णय लेने के लिए जानपदिक विज्ञान का एक वैज्ञानिक उपकरण के रूप में प्रयोग;

(2) साधारण सामुदायिक तथा अस्पताल आधारित आंकड़े एकत्र करना, विश्लेषण करना, व्याख्या करना और उन्हें प्रस्तुत करना;

(3) विद्यमान सामाजिक-सांस्कृतिक विश्वासों के संदर्भ में मौजूदा स्वास्थ्य देखरेख साधनों को दृष्टिगत रखते हुए सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का निदान तथा प्रबन्ध और वैयक्तिक, परिवार तथा समुदाय के स्तर पर आपात स्थितियों का निदान तथा प्रबन्ध;

(4) मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य समस्याओं के निदान तथा प्रबन्ध और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के संदर्भ में विवाहित दम्पति को तथा समुदाय को उपलब्ध परिवार कल्याण योजना प्रणालियों पर सलाह देना;

(5) वैयक्तिक तथा सामुदायिक स्तर पर सामान्य पोषण की समस्याओं का निदान तथा प्रबन्ध;

(6) सरल दृश्य-श्रव्य उपकरणों का प्रयोग करने की कार्य-कुशलता के साथ स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों की योजना तैयार करना, उन्हें कार्यान्वित करना और उनका मूल्यांकन करना;

(7) स्वास्थ्य देखरेख दल के अन्य सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करना और स्वास्थ्य देखरेख सेवाओं के संगठन तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में भाग लेना ।

(ग) समाकलन :

पर्यावरण अथवा समुदाय में बीमारी और वैयक्तिक स्वास्थ्य के कारण के बीच विश्लेषण की क्षमता विकसित करना और इस प्रयोजन के लिए उपचारात्मक उपाय स्थापित करने की मौलिक योग्यता के साथ अग्रसर होना ।

11. चरण 2 तथा चरण 3 के क्लीनिकल विषय

क्लीनिकल विषयों में शिक्षण तथा प्रशिक्षण चरण 2 के प्रारम्भ में शुरू किया जाएगा तथा पूरे चरण 3 में चलता रहेगा ।

क्लीनिकल विषय एम.बी.बी.एस. स्नातक को व्यवसायी के स्तर पर क्लीनिकल समस्याओं को समझने तथा उनका प्रबन्ध करने में तैयार करने के लिए पढ़ाए जाएंगे । विषय-वस्तु का शिक्षण सामान्य चिकित्सक से अपेक्षित अभिविन्यास तथा ज्ञान तक सीमित होगा । सभी क्लीनिकल विषय क्षेत्रों में सामान्य व्यवसाय में आने वाली सर्वाधिक आम तथा महत्वपूर्ण स्थितियों के निदान तथा प्रबंध की ओर अधिकतम ध्यान देने पर जोर दिया जाना चाहिए। क्लीनिकल कार्य के दौरान बहिरंग तथा अन्तरंग रोगी दोनों पर क्लीनिकल विषयों में अनुदेश दिए जाने चाहिएं ।

प्रत्येक क्लीनिकल विभाग में पूर्व-क्लीनिकल, परा क्लीनिकल तथा अन्य क्लीनिकल विभागों पर समाकलित शिक्षण देने की व्यवस्था होगी ताकि विद्यार्थी अध्ययन के प्रत्येक क्लीनिकल क्षेत्र से सम्बद्ध विषय-विद्या की व्यापक जानकारी प्राप्त कर सकें । बुनियादी सामाजिक विज्ञानों पर आधारित समस्यामूलक पद्धति पर जोर दिया जाएगा तथा प्रत्येक क्लीनिकल स्थिति को अधिकतम समझने तथा प्रबन्ध करने के लिए क्लीनिकल तथा प्रयोगशाला अक्षर विज्ञान की निरन्तरता पर जोर दिया जाएगा ।

पाठ्यक्रम में निम्नलिखित शामिल होंगे

(1) आयुर्विज्ञान तथा इसकी सम्बद्ध विशेषताएं :

(क) आयुर्विज्ञान :

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थियों को आयुर्विज्ञान में शिक्षण का मुख्य लक्ष्य प्रथम सम्पर्क चिकित्सक के रूप में प्रभावशाली ढंग से कार्य करने के लिए यथा-अपेक्षित ज्ञान, कार्यकुशलता तथा व्यवहार स्थिति विकसित करना है ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) संक्रामक रोगों, पोषण संबंधी विकारों, पोषण तथा पर्यावरणीय बीमारियों के विशेष संदर्भ में आम क्लीनिकल विकारों का निदान;

(2) औषध चिकित्सा शास्त्र विशेष रूप से मात्रा, इतर प्रभाव, विषालुता, अन्योन्य क्रिया, निर्देश तथा प्रति-निर्देश सहित प्रबन्ध की विभिन्न प्रणालियां तैयार करना;

(3) नैदानिक तथा जांच संबंधी कार्यविधियां प्रस्तावित करना तथा उनकी व्याख्या करने की योग्यता;

(4) गंभीर आपात स्थिति में शीघ्रतापूर्वक तथा प्रभावशाली रूप में प्रथम स्तरीय प्रबन्ध की व्यवस्था करना और अपेक्षित होने पर निदेशन के समय और स्तर का निर्णय करना;

(5) जरा-चिकित्सा विकारों की पहचान करना और उनका प्रबन्ध ।

ख. कार्य-कुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) विभिन्न प्रकार के आम चिकित्सीय विकारों और आपात स्थितियों में निदान के लिए क्लीनिकल कार्य-कुशलता (इतिवृत्त तैयार करना, क्लीनिकल परीक्षा और परीक्षा के अन्य उपकरण) का विकास;

(2) प्राथमिकता देखरेख सुलभ करने के बाद रोगी को द्वितीय और/या तृतीय स्तर की स्वास्थ्य देखरेख के लिए निर्देशित करना;

(3) हीमोग्राम, मल, मूत्र, थूक और जैविक तरल परीक्षा जैसी सामान्य प्रयोगशाला जांच-पड़ताल करना;

(4) प्लूरा टेप, कटिवेधन, अस्थि मज्जा चूषण/बायाप्सी/बायाप्सी और जिगर बायाप्सी ।

(ग) समाकलन :

(1) सामुदायिक और शारीरिक औषध तथा पुनर्वास का ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ महत्वपूर्ण प्रचलित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रबंध करने की योग्यता प्राप्त होगी और रोगी को उसके सर्वांगीण शारीरिक, सामाजिक तथा अधिक परिवेश में दृष्टिगत रखने में समर्थ हो सकेगी/सकेगा ।

(2) क्लीनिकल आयुर्विज्ञान का वैज्ञानिक आधार सुलभ करने वाले अन्य संगत शैक्षिक अध्ययन पूरे कर सकेगा/सकेगी जैसे कि शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, जीव रसायन विज्ञान, सक्षरण जीव विज्ञान, विकृति विज्ञान और फार्माकालाजी ।

(ख) बाल चिकित्सा विज्ञान

नवजात शिशु विज्ञान सहित बाल चिकित्सा विज्ञान :

पाठ्यक्रम में शिशु की वृद्धि तथा विकास पर क्रमबद्ध अनुदेश, पोषण आवश्यकताएं, प्रति रक्षीकरण अनुसूचियां और शैशव तथा बाल्यावस्था के आम रोगों के प्रबन्ध, सामाजिक बाल चिकित्सा विज्ञान और परामर्श शामिल है ।

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थियों को बाल चिकित्सा विज्ञान के शिक्षण का मुख्य लक्ष्य बच्चों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में अधिकतम कार्य करने के लिए पर्याप्त ज्ञान और समुचित कार्य-कुशलता अर्जित करना है ताकि बच्चों की अधिकतम वृद्धि तथा विकास सुनिश्चित किया जा सके ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) गर्भस्थ जीवन, नवजात अवधि, बाल्यावस्था और किशोरावस्था के दौरान सामान्य वृद्धि और विकास का विवरण और उसमें परिवर्तन की स्थिति की जानकारी;

(2) जानपदिक रोग विज्ञान हेतुकी रोग जनन क्लीनिकल विशिष्टताएं निदान, सर्वेक्षण चिकित्सा तथा पर्यवेक्षण में आम बाल चिकित्सा विकारों और आपात स्थितियों का विवरण;

(3) स्वस्थ और रोग की स्थिति में कैलोरी पोषक तत्व, तरल, औषध आदि की आय संबंधी आवश्यकताओं का उल्लेख;

(4) आम संक्रामक विकारों, कुपोषण, अन्तर्वीक्षक और चयापचयी विकारों जिन्हें रोकने के उपायों, दुर्घटनाओं और बाल दुरुपयोग के लिए निरोधक रणनीति तैयार करना;

(5) प्रतिरक्षणीकरण कार्यक्रमों सहित शिशु स्वास्थ्य से संबंधित राष्ट्रीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना।

(ख) कार्यकुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) ओरेवार बाल चिकित्सा इतिवृत्त तैयार करना नव-, जात शिशुओं सहित बच्चों की उपयुक्त शारीरिक जांच करना, क्लीनिकल निदान तैयार करना, बिस्तर पर आम जांच-पड़ताल कार्यविधियां करना, आम प्रयोगशाला जांच परिणाम की व्याख्या करना और चिकित्सा की रूपरेखा तैयार करने हुए चिकित्सीय उपचार करना;

(2) मानव-देह की पैमाइश करना, जन्म पर नवजात शिशुओं को पुनरुज्जीवित करना, पीने का पुनः

आवर्तीकरण घोल तैयार करना, ट्यूबरकुलिन परीक्षण करना, प्रचलित राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अधीन उपलब्ध वैक्सीन देना, शिरावेधन करना, अन्तःशिरा संसेचन शुरू करना और नासा आमाशय संभरण की व्यवस्था करना;

(3) कटिवेधन, जिगर तथा गुर्दा बायाप्सी, अस्थि मज्जा चूषण, प्लूरा टैप और एस्साइटिक टैप जैसी निदान कार्यविधियां करना;

(4) सामान्य नवजात शिशुओं और विशेष देखरेख अपेक्षित होने वाले शिशुओं के बीच अन्तर करना और समयपूर्व तथा जन्म के समय कम वजन के बच्चों की देखरेख सहित सभी नाजात शिशुओं की शीघ्र देखरेख की व्यवस्था करना, स्तनपान में सही मार्गदर्शन तथा परामर्श देना;

(5) सभी बिमार बच्चों के लिए एम्बुलैंस की व्यवस्था करना, विशेषज्ञ/अन्तरंग देखरेख के लिए निर्देशों की पहचान करना और अस्पताल में भर्ती अपेक्षित होने वाले मामलों में यथासमय निर्देशन सुनिश्चित करना ।

(ग) समाकलन :

बाल चिकित्सा में प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थी समुदाय तथा अस्पताल दोनों में बच्चों की देखरेख के लिए निरोधक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक तथा पुनर्वास संबंधी सेवाएं देने के लिए तैयार हो जाना चाहिए जो अन्य विधाओं जैसे शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, न्याय संबंधी औषधि-विज्ञान, सामुदायिक औषध तथा शारीरिक औषध एवं पुनर्वास के साथ समाकलित रूप में दल के सदस्य के रूप में आवश्यक हैं ।

(ग) मनोविकार चिकित्सा

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थी को मनोविकार चिकित्सा में शिक्षण का लक्ष्य ऐसा ज्ञान तथा कार्य-कुशलता प्रदान करना है जिससे वह आम मनोविकार संबंधी विकारों का निदान तथा उपचार करने, मनोविकार संबंधी आपात स्थितियों को सम्भालने और आम मनोविकारों की जटिलताओं/असामान्य विविधताओं को निर्देशित करने और मनोविकार संबंधी दुर्लभ विकारों को विशेषज्ञ को निर्देशित करने में समर्थ बना सके ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) आम मानव व्यवहार जैसे याद करना, याददाश्त, अभिप्रेरण, व्यक्तित्व तथा बुद्धिमत्ता के विभिन्न पहलुओं की प्रकृति की समझ और विकास;

(2) सामान्य ज्ञान तथा असामान्य व्यवहार के बीच अन्तर की पहचान करना;

(3) मनोविकार संबंधी विकारों का वर्गीकरण;

(4) निम्नलिखित आम संलक्षणों की क्लीनिकल विविधताओं की पहचान करना और उनका समुचित प्रबन्ध करना—कायिक मनोविक्षिप्त, कार्यात्मक मनोविक्षिप्त, विखंडित मनस्कता, प्रभावी विकार, तंत्रिका संबंधी विकास, व्यक्तित्व विकार, मनः-शरीर क्रियात्मक विकार, औषध तथा ऐल्कोहल आश्रितता, बाल्यावस्था तथा शैशवास्था के मनोविकारी विकार;

(5) मनोविकारी विकारों में चिकित्सा के विभिन्न तरीकों के तर्कसंगत प्रयोग का विवरण ।

(ख) कार्य-कुशलता :

विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) रोगी का साक्षात्कार और रोगी-डाक्टर संबंधों में संचार की विभिन्न प्रणालियों को समझना,

(2) ब्यौरेवार मनोविकार मामला इतिवृत्त तैयार करना और मानसिक स्तर का निर्धारण करने के लिए क्लीनिकल परीक्षा करना,

(3) मनःविकृति जन्य लक्षणों तथा चिन्हों की व्याख्या, वर्णन तथा विवेचन;

(4) आम मनोविकारी विकारों का निदान तथा प्रबन्ध;

(5) चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा संबंधी रोगियों में क्लीनिकल दृष्टि से और सामुदायिक परिवेश में मनोविज्ञान संबंधी प्रतिक्रिया और मनोविकारी विकारों की पहचान करना और प्रबंध करना ।

(ग) समाकलन :

मनोविकारी विकार में प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थी परिवार और समुदाय दोनों में रोगियों की देखरेख के लिए निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक तथा पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार होगा और उन्नत मामलों को विशेषज्ञ मनोविकार चिकित्सा/मानसिक अस्पताल को निर्देशित कर सकेगा । यह प्रशिक्षण औषध, तंत्रिका शरीर रचना विज्ञान, व्यवहार जन्य विज्ञान और न्यायसंबंधी आयुर्विज्ञान विभागों के साथ समाकलित किया जाना चाहिए ।

(घ) त्वचा विज्ञान तथा लैंगिक संचारण रोग

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थी को त्वचा विज्ञान, लैंगिक संचारण रोग (एस. टी. डी.) और कुष्ठ रोग विज्ञान में शिक्षण का लक्ष्य ऐसा ज्ञान और कार्यकुशलता प्रदान करना है जिससे वह सामान्य बीमारियों का निदान तथा उपचार कर सके और दुर्लभ रोगों या जटिलताओं/सामान्य रोगों की असामान्य विविधताओं के मामले विशेषज्ञ को निर्देशित कर सके ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

त्वचा विज्ञान, लैंगिक संचारण रोग और कुष्ठ रोग विज्ञान के पाठ्यक्रम की समाप्ति के बाद विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) आपात स्थितियों सहित सामान्य रोगों, उनकी क्लीनिकल विविधताओं और निदान के अनुरूप जांच-पड़ताल की कार्यविधियों के सुदृढ़ ज्ञान का प्रदर्शन;

(2) स्थल चिकित्सा के विभिन्न प्रकारों के व्यापक ज्ञान का प्रदर्शन;

(3) आमतौर पर प्रयोग की जाने वाली औषधियों की क्रिया के तरीकों का विवरण, उनकी मात्रा, इतर प्रभाव/विषालुता, निर्देशन, प्रति-निर्देशन तथा अन्योन्य क्रिया;

(4) विभिन्न रोगों के आधार के लिए उपलब्ध औषध तथा शल्य क्रिया कार्यविधियों सहित प्रबन्ध के आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले तरीकों का विवरण और किसी विशेष विकार के लिए प्रबन्ध की व्यापक योजना का प्रस्ताव बनाना ।

(ख) कार्य-कुशलता :

विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) रोगी का साक्षात्कार, सही तथा संयत सूचना का स्पष्टीकरण और कालक्रम में इतिवृत्त का उल्लेख;

(2) क्लीनिकल परीक्षा करना, वास्तविक निष्कर्षों को स्पष्टीकरण और व्याख्या तथा आम विकारों एवं आपात स्थितियों में निदान;

(3) बिस्तर पर निदान करने के लिए विशेष रूप से फंगस के लिए स्रवण की परीक्षा करने के लिए अपेक्षित साधारण, दस्तूरी जांच-पड़ताल तथा प्रयोगशाला कार्यविधियां तैयार करना, कुष्ठ रोगियों के लिए और लैंगिक संचारण रोग के मामलों के लिए ए.एफ.बी. के लिए रोगाणुछिद्र आलेप और गंभीरस्नजन तैयार करना;

(4) निदान के प्रयोजनों के लिए त्वचा बायोप्सी लेना;

(5) उपचारार्थ अनुक्रिया की अनुपयुक्तता के मामले में विशेषज्ञ देखरेख के लिए निर्देशन की आवश्यकता की पहचान करते हुए सामान्य रोगों का प्रबन्ध ।

(ङ) यक्ष्मा तथा श्वसन रोग :

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थी को यक्ष्मा तथा छाती की बीमारियों के शिक्षण का लक्ष्य ऐसा ज्ञान तथा कार्यकुशलता प्रदान करना है ताकि वह यक्ष्मा के प्रबन्ध तथा रोकथाम और विशेष रूप से राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देते हुए छाती को प्रभावित करने वाली आम बीमारियों के निदान तथा प्रबन्ध में समर्थ हो सके ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

यक्ष्मा तथा छाती के रोगों के पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) छाती के आम रोगों के मूलभूत ज्ञान का प्रदर्शन, उनकी क्लीनिकल विविधताएं जिसमें आपात स्थितियां शामिल हैं और उनके निदान के अनुरूप जांच-पड़ताल की कार्यविधियों का पूर्ण ज्ञान;

(2) श्वसन रोगों के उपचार के लिए प्रयोग की जाने वाली चिकित्सा के विभिन्न प्रकारों के व्यापक ज्ञान का प्रदर्शन;

(3) आमतौर पर प्रयोग की जाने वाली औषध की क्रिया, उनकी मात्रा, प्रतिकूल प्रभाव/विषालुता, संकेत तथा प्रति संकेत और प्रतिक्रिया का विवरण;

(4) विभिन्न रोगों के उपचार के लिए उपलब्ध चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा संबंधी कार्यविधियों सहित प्रबन्ध के आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले तरीकों का विवरण और राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम सहित प्रबन्ध की व्यापक योजना का प्रस्ताव तैयार करना ।

(ख) कार्य-कुशलता :

विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) रोगी का साक्षात्कार, संगत तथा सही सूचना का स्पष्टीकरण और कालक्रम में इतिवृत्त का विवरण;

(2) क्लीनिकल परीक्षा करना, क्लीनिकल निष्कर्षों को स्पष्ट करना तथा उनकी व्याख्या और आम श्वसन विकारों तथा आपात-स्थिति का निदान;

(3) साधारण, दस्तूरी जांच पड़ताल करना और बिस्तर पर निदान करने के लिए अपेक्षित कार्यालय कार्यविधियां विशेष रूप से थूक संग्रह तथा अम्लस्थायी दण्डाणु (ए.बी.एफ.) का विशेष ध्यान देते हुए हेतुकी संबंधी जीव, छाती के एक्सरे और श्वसन क्रिया परीक्षणों की व्याख्या;

4) विभिन्न श्वसन रोगों में विभिन्न रक्त गैस तथा पी. पूर्व असामान्यताओं की व्याख्या तथा प्रबन्ध;

(5) उपचारार्थ अनुक्रिया की अनुपयुक्तता के मामले में विशेषज्ञ देखरेख के लिए निर्देशन की आवश्यकता की पहचान करते हुए सामान्य रोगों का प्रबन्ध;

(6) स्वरयंत्रदर्शी परीक्षा, प्लूरा चूषण, श्वसन भौतिक चिकित्सा, स्वरयंत्र नलिका प्रवेशन तथा न्यूमोथोरैक्स निकास/चूषण जैसी सामान्य कार्यविधियां करने में सहायता ।

(ग) समाकलन :

प्रभावशाली ढंग से शिक्षण का मुख्य लक्ष्य चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, सूक्ष्म जीव विज्ञान, विकृति विज्ञान, फार्माकालाजी तथा निवारक व सामाजिक औषध विभागों के साथ समाकलन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है ।

(2) शल्य चिकित्सा तथा सम्बद्ध विशेषताएं

(क) शल्य चिकित्सा—जिसमें बाल शल्य चिकित्सा शामिल है :

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थियों को शल्य चिकित्सा में शिक्षण का लक्ष्य ऐसे स्नातक तैयार करना है जो प्रथम सम्पर्क में ही वशतापूर्ण शल्य चिकित्सा संबंधी देखरेख प्रदान करने में समर्थ हो सकें ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) वयस्कों तथा बच्चों में आघात स्थितियों सहित आम शल्य चिकित्सा संबंधी समस्याओं के निदान तथा प्रबन्ध की हेतुकी, विकृति शरीर क्रिया विज्ञान, सिद्धांतों का विवरण;

(2) रक्त आधान सहित तरल तथा इलैक्ट्रोलाइट प्रतिस्थापन के लिए संकेतों तथा पद्धतियों की व्याख्या;

(3) आपूर्ति, विसंक्रमण तथा निर्जीवाणुकरण की व्याख्या करना और एंटिबायोटिक के तर्कसंगत प्रयोग की सिफारिश करना;

(4) देश में आम दुर्दमताओं का विवरण और उनकी रोकथाम सहित उनका प्रबन्ध;

(5) संज्ञाहारी कारकों के विभिन्न प्रकारों की गणना, उनके संकेत, देने की विधि, प्रति-संकेत तथा उनके इतर प्रभाव ।

(ख) कार्यकुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य करने में समर्थ हो जाना चाहिए;

(1) वयस्कों तथा बच्चों में तीव्र तथा चिरकारी दोनों में आम शल्य चिकित्सा संबंधी स्थिति का निदान;

(2) शल्य चिकित्सा संबंधी परिस्थितियों के लिए विभिन्न प्रयोगशाला परीक्षणों की योजना तैयार करना और परिणाम की व्याख्या करना;

(3) स्वलसावी आघात, सेप्टिसीमिया और आघात के अन्य प्रकार के रोगियों की पहचान करना;

(4) स्पष्ट वायुपथ बनाए रखने और निम्नलिखित को पुनरुज्जीवित करने में सक्षम होगा :

(1) गंभीर रूप से चोटग्रस्त रोगी;

(2) हृद श्वसन पास वाला रोगी;

(3) डूबने का मामला;

(5) वयस्क तथा बच्चों दोनों में सिर, छाती, रीढ़ तथा उदरीय चोटों के रोगियों को मानीटर करना;

(6) जलने के रोगियों के लिए प्राथमिक देखरेख प्रदान करना;

(7) शल्यकर्मी शल्य चिकित्सा के सिद्धान्तों का अर्जन जिनमें शल्यकर्म से पूर्व, शल्यकर्म तथा शल्यकर्म के पश्चात् के मामलों की देखरेख तथा मानीटर किया जाना शामिल है ।

(8) टॅटेनस तथा गैस गैंग्रीन के विरुद्ध निरोधक उपायों सहित खुले घावों का उपचार;

(9) नवजात तथा बालरोग शल्य चिकित्सा आपात स्थितियों का निदान और रोगी को द्वितीय/तृतीय केन्द्रों पर निर्देशित करने से पहले सुरक्षा प्राथमिक देखरेख की व्यवस्था;

(10) जन्मजात विसंगतियों की पहचान करना और उन्हें समुचित प्रबन्ध के लिए निर्देशित करना ।

मद संख्या (1) से (10) तक में उल्लिखित कार्य कुशलता के साथ-साथ वह निम्नलिखित कार्य देखेगा/देखेगी/उनमें सहायता करेगा/करेगी/कार्य करेगा/करेगी :

(क) फोड़े का छेदन तथा निकास;

(ख) खुले घाव का क्षत शोधन तथा उसकी सीवन;

(ग) शिरावेधन;

(घ) सामान्य पृठी तथा अर्बुद उच्छेदन;

(ङ) तल दुर्दमता की बायोप्सी;

(च) कॅथीटर प्रवेशन तथा नासा गैस नलिका प्रवेशन;

(छ) खतना;

(ज) मूत्रमार्ग मुखछेदन;

(झ) शुक्रवहा-उच्छेदन;

(ञ) पर्यूदर्या तथा प्लूरा चूषण;

(ट) नैदानिक मलाशयदर्शन (प्रोक्टोस्कोपी);

(ठ) हाइड्रोसील आपरेशन;

(ड) अन्त श्वासनली प्रवेशन;

(ढ) श्वास-प्रणाल-छेदन तथा क्रिकोथाइराडोटॉमी;

15. छाती में नलिका प्रवेशन ।

(ग) समाकलन :

शल्य-चिकित्सा में स्नातकपूर्व शिक्षण को विभिन्न स्तरों पर विभिन्न पूर्व तथा परा और अन्य क्लीनिकल विभागों के साथ समाकलित किया जाएगा ।

(ख) विकलांग विद्या :

(क) ज्ञान :

विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) हड्डी की चोटों तथा अस्थि विस्थापन की मान्यता के सिद्धांतों की व्याख्या;

(2) हड्डियों और जोड़ों के सामान्य संक्रमण का पता लगाने तथा प्रबन्ध करने के लिए उचित पद्धतियां अपनाना;

(3) जन्मजात, कंकाल विषमताओं की पहचान और उपयुक्त सुधार या पुनर्वास के लिए उनका निदेशन;

(4) इस देश में पाए जाने वाले क्षयापचयी अस्थि रोगों की पहचान;

(5) हड्डियों के प्रभावित करने वाले अर्बुद की उत्पत्ति के कारण, कल्पना तथा निदान ।

(ख) कार्यकुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) मोच का पता लगाना तथा आम अस्थिभंग और मोच के लिए प्रथमोपचार उपाय करना और क्लैविकल, कलाई, अंगुलि आदि के गैर-जटिल अस्थिभंग का प्रबन्ध;

(2) स्थिरीकरण, प्लास्टर, अचलीकरण आदि की तकनीकों का प्रयोग;

(3) आम अस्थि संक्रमण का प्रबंध, पृथक-भवन, विच्छेदन तथा अस्थि विरूपताओं के लिए सुधारात्मक उपायों के संकेत याद रखना;

(4) पोलियो, प्रमस्तिष्क अंगघात और विच्छेदन के लिए पुनर्वास के पहलुओं पर सलाह ।

(ग) अनुप्रयोग :

कुछेक विकलांग कार्यकुशलता प्रदर्शित करने, कंकाल तथा संबंधित स्थितियों में प्राथमिक या द्वितीय स्वास्थ्य देखरेख स्तर पर सूझ परामर्श प्रदान करने में समर्थ हो सकेगा ।

(घ) समाकलन :

शरीर रचना विज्ञान, दाल्य चिकित्सा, विकृति विज्ञान, रेडियोलाजी तथा न्यायसंबंधी चिकित्सा के संग समाकलन किया जाए ।

(ग) एक्सरे निदान तथा विकिरण चिकित्सा

(क) एक्सरे निदान तथा प्रतिबिम्ब :

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व आयुर्विज्ञान विद्यार्थियों को एक्सरे-निदान के क्षेत्र में शिक्षण का मुख्य लक्ष्य उन्हें चिकित्सा व्यवसाय में विभिन्न एक्सरे नैदानिक उपकरणों की बुनियादी आवश्यकता महसूस करने का दृष्टिकोण बनाने की ओर होना चाहिए । उन्हें विभिन्न बीमारियों के निदान के लिए और पर्यवेक्षण के दौरान विभिन्न स्थितियों में यथा-अपेक्षित तकनीकों की जानकारी हो सकेगी ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) एक्सरे उत्पादन के बुनियादी सिद्धान्तों की समझ, इसके प्रयोग और जोखिम;

(2) अस्थि-भंग संक्रमण, अर्बुद तथा जयापचयी अस्थि रोग जैसे अस्थि परिवर्तनों का मूल्यांकन तथा निदान;

(3) छाती तथा मध्यस्तरीय क्षेत्र की सेग स्थितियों, कंकाल प्रणाली, जठरांत्र पथ, यकृत-पित्त प्रणाली तथा जनन मूत्र (जी.यू.) प्रणाली में विभिन्न एक्सरे नैदानिक परिवर्तनों की पहचान;

(4) आइसोटोप कम्प्यूटरीकृत टोमोग्राफी (सी. टी.), अल्ट्रा-साउंड, चुम्बकीय अनुनादित प्रतिबिम्ब (एम. आर. आई.) और डी. एस. ए. सहित विभिन्न प्रतिबिम्ब तकनीकों के बारे में जानकारी ।

(ख) कार्य-कुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) विभिन्न प्रतिबिम्ब कार्यविधियों के दौरान बुनियादी तौर पर संरक्षक तकनीकों का प्रयोग;

(2) विभिन्न सामुदायिक स्थितियों में सामान्य एक्स-रे, एक्सरे-नैदानिक तकनीकों की व्याख्या;

(3) उपर्युक्त विशेषज्ञों को विशेष परिस्थितियों में उपयुक्त नैदानिक कार्यविधियों की सलाह देना ।

(ख) विकिरण-चिकित्सा

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व आयुर्विज्ञान विद्यार्थियों को विकिरण चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षण का मुख्य लक्ष्य देश में निरन्तर बढ़ती हुई कैंसर की समस्या के महत्व को समझने योग्य बनाना है । विद्यार्थियों को इस विभीषण स्थिति की रोकथाम और संभावित उपचार के लिए यथा-अपेक्षित कदम उठाने के बारे में जानकारी देना आवश्यक है ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेंगे :—

(1) विभिन्न प्रकार के कैंसर के लक्षणों और चिन्हों की पहचान और उसकी जांच-पड़ताल तथा प्रबन्ध के विभिन्न उपाय;

(2) मनुष्यों पर विकिरण चिकित्सा का प्रभाव स्पष्ट करना और इससे संबंधित बुनियादी सिद्धान्तों की व्याख्या;

(3) रेडियोएक्टिव आइसोटोप और इसके भौतिक गुणों के बारे में जानकारी;

(4) कैंसर प्रबन्ध में विकिरण चिकित्सा में हुई प्रगति की जानकारी और किसी रोगी का उपचार करते समय विभिन्न विकिरण चिकित्सा उपकरणों का ज्ञान ।

(ख) कार्य-कुशलता :

प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा हो जाने पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) दुर्दम रोग के रूप में संदिग्ध मामले का विस्तृत क्लीनिकल इतिवृत्त तैयार करना;

2) किसी रोगी का उपचार करते समय कैंसर-रोधी औषधियां देने में और विभिन्न विकिरण चिकित्सा उपकरण लगाने तथा प्रयोग करने में विभिन्न विशेषज्ञों की सहायता;

(3) कर्णनासा कंठ विज्ञान :

(1) लक्ष्य :

स्नातकपूर्व विद्यार्थियों को कर्णनासा कंठ विज्ञान में शिक्षण का मुख्य लक्ष्य यह है कि स्नातकपूर्व विद्यार्थियों में आम विकारों

था आपात-स्थिति में अधिकतम कार्य करने के लिए और श्रवण नि के पुनर्वास के सिद्धान्तों का पर्याप्त ज्ञान तथा उनमें कार्य-शलता अर्जित कर ली है ।

2) उद्देश्य :

क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर केगा :—

(1) कान, नाक तथा गले (ई.एन.टी.) के आम रोगों और आपात-स्थिति की बुनियादी विकृति शरीर रचना का विवरण;

(2) आमतौर पर प्रयोग की जाने वाली औषधियों के विपरीत प्रभाव को ध्यान में रखते हुए तर्कसंगत प्रयोग को अपनाना;

(3) आम जांच-पड़ताल की कार्यविधियों का सुझाव देना और उनकी व्याख्या ।

(ख) कार्यकुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) सिर और गर्दन के वृद्धमपूर्व तथा दुर्दम विकारों सहित कान, नाक तथा गले (ई.एन.टी.) की सामान्य समस्याओं की परीक्षा;

(2) देखरेख के प्रथम स्तर पर कान, नाक तथा गले (ई.एन.टी.) की समस्याओं का प्रबन्ध और आवश्यक होने पर निर्देशन में समर्थ;

(3) कान में पिचकारी लगाने, मरहम-पट्टी करने, नाक भरण आदि जैसी छोटी शल्य-क्रिया कार्य-विधियों में सहायता अथवा शल्य क्रिया करना;

(4) श्वास-प्रणाल छिद्रीकरण, एन्डोस्कोपी तथा आगंतुक-शल्य को हटाने जैसी कुछेक कार्यविधियों में सहायता ।

(ग) समाकलन :

कान, नाक तथा गले (ई.एन.टी.) में स्नातकपूर्व प्रशिक्षण से अन्य विधाओं में विशेषकर तंत्रिका विज्ञान, नेत्र विज्ञान और सामान्य शल्य-चिकित्सा में समाकलित दृष्टिकोण विकसित होगा ।

(4) नेत्र विज्ञान

(1) लक्ष्य :

नेत्र विज्ञान में विद्यार्थियों को शिक्षण का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों को ऐसा ज्ञान तथा कार्यकुशलता प्रदान करना है जिससे वह क्लीनिकल के रूप में और प्राथमिक नेत्र देखरेख चिकित्सा के रूप में व्यवसाय करने में समर्थ हो सकेगा/सकेगी । इस प्रशिक्षण के बाद वह अन्धपन की रोकथाम तथा दृष्टि-हानि के पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन में सहायता करने के लिए समुदाय स्वास्थ्य नेता के रूप में प्रभावी ढंग से कार्य करने में भी समर्थ हो सकेगी/सकेगा ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी को निम्नलिखित का ज्ञान हो सकेगा :

(1) आंख को प्रभावित करने वाली सामान्य समस्याएं;

(2) वृहद् नेत्र-विज्ञान संबंधी आपात-स्थिति के सिद्धान्त तथा प्रबन्ध;

(3) आंख को प्रभावित करने वाले मुख्य क्रमबद्ध रोग;

(4) रोगी की दृष्टि पर स्थानीय और क्रमबद्ध रोगों के प्रभाव और ऐसे रोगों की श्रृंखला को न्यूनतम करने के लिए अपेक्षित होने वाली आवश्यक कार्रवाई;

(5) नेत्र वैज्ञानिक विविधताओं के विशेष संदर्भ में औषधियों का प्रतिकूल प्रभाव;

(6) भारत में अन्धपन की समस्या का महत्व और इसके प्रमुख कारण;

(7) अन्धपन के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम और विभिन्न स्तरों पर इसका कार्यान्वयन;

(8) आंखों की समस्याओं की रोकथाम के लिए आंख देखरेख शिक्षा;

(9) नेत्र शिविरों के संगठन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की भूमिका;

(10) प्राथमिक स्वास्थ्य देखरेख का संगठन और नेत्र-विज्ञानी सहायक का कार्य;

(11) अन्धपन के नियंत्रण के राष्ट्रीय कार्यक्रम का अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ समाकलन;

(12) नेत्र बैंक संगठन ।

(ख) कार्य-कुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :—

(1) साधारण स्वास्थ्य और नेत्र स्थिति से संबंधित इतिवृत्त की रूपरेखा तैयार करना;

(2) दृष्टि तीव्रता परीक्षण, नेत्र परीक्षा, दबाव संबंधी तनावमिति, कार्निया संबंधी विकृति के लिए अभिरंजन, परस्परसम्मुख पैरीमीटरी, जगदंध दृष्टि तथा लैंसहीनता के सुधार सहित विषयपरक अपवर्तन, प्रत्यक्ष दृष्टिपटल दर्शन तथा नेत्रश्लेष्मला लैप परीक्षा और परीक्षण जैसी नैदानिक कार्यविधियों में सहायता;

(3) आंख को प्रभावित करने वाली सामान्य समस्याओं का निदान तथा उपचार;

(4) आम क्रमबद्ध विकारों के सम्बन्ध में नेत्र वैज्ञानिक चिन्हों की व्याख्या;

(5) अवनेत्रश्लेष्मला इंजेक्शन, कॉर्निया नेत्र श्लेष्मला आगंतुक शल्य हटाना, कॉर्निया अल्सर के लिए कार्बनमय कॉटरी, नासाश्रु वाहिनी पिचकारी लगाना तथा टासोरैफी;

(6) नेत्र विज्ञान संबंधी बड़ी आपात-स्थितियों में प्राथमिक सहायता प्रदान करना;

(7) दृष्टि जांच के लिए सामुदायिक सर्वेक्षण संगठित करने में सहायता;

(8) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से प्राथमिक नेत्र देख-रेख सेवा संगठित करने में सहायता;

(9) मोतियाबिन्द में शस्त्र चिकित्सा के लिए और नेत्र दान के लिए जन साधारण तथा व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए संचार के प्रभावशाली साधनों का प्रयोग;

(10) अपने वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और पैरा-मेडिकल कामगारों के साथ सम्पर्क रखना ताकि नेत्र देख-रेख दल के सदस्य के रूप में प्रभावशाली ढंग से कार्य कर सके ।

(ग) समाकलन :

नेत्र विज्ञान में स्नातकोत्तर परिशिक्षण में अन्य विषयों जिनका सम्बन्ध रूप से संबंध है विज्ञान, कर्ण नासा कंठ विज्ञान सामान्य शल्य चिकित्सा तथा आयुर्विज्ञान की ओर समाकलित दृष्टिकोण का विकास होगा ।

(5) प्रसूति विज्ञान तथा स्त्री रोग विज्ञान :

प्रसूति विज्ञान तथा स्त्री रोग विज्ञान में परिवार कल्याण तथा परिवार नियोजन शामिल होगा ।

(1) लक्ष्य :

स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को एनाटॉमी विज्ञान तथा स्त्री रोग विज्ञान के विषय का उच्च लक्ष्य ग्रहण है कि वह जनन प्रणाली के शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान और विकृति शरीर क्रिया विज्ञान की जानकारी प्राप्त कर सके और इसे प्रभावित करने वाली सामान्य परिस्थितियों का अधिकतम प्रबन्ध करने की योग्यता प्राप्त कर ले ।

(2) उद्देश्य :

(क) ज्ञान :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) जनन प्रणाली के शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान और विकृति शरीर रचना विज्ञान की रूप-रेखा और इसे प्रभावित करने वाली सामान्य परिस्थितियां;

(2) सामान्य गर्भावस्था, प्रसव, प्रसूतिकाल का पता लगाना और उसमें आने वाली संभावित समस्याओं का प्रबन्ध;

(3) मातृक तथा जन्मकालीन रुग्णता तथा मृत्यु-दर के कारणों से संबंधित सूची तैयार करना;

(4) गर्भ-निरोध के सिद्धांतों को समझना और अपनाई जाने वाली विभिन्न तकनीकों, गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन की प्रणालियों, संश्लेषण और उसकी जटिलताओं को समझना;

(5) गर्भावस्था, रजोनिवृत्ति पूर्व तथा रजोनिवृत्ति पश्चात् अवधियों में औषधियों के प्रयोग, दोष तथा अतिरिक्त प्रभाव की पहचान;

(6) मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के राष्ट्रीय कार्यक्रम का विवरण और विभिन्न स्तरों पर उसका कार्यान्वयन;

(7) सामान्य स्त्री रोग संबंधी बीमारियों की पहचान और उसके प्रबन्ध के सिद्धांतों का विवरण;

(8) गर्भ निकालने के लिए सीजरी आपरेशन, उदर-च्छेदन, उदरीय तथा योनिक गर्भाशयोच्छेदन, गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन (एम.टी.पी.) के लिए फादर गिल आपरेशन तथा नलिका बंधन जैसी शल्य क्रियाओं के संकेत, तकनीक तथा जटिलताओं की स्थिति ।

(ख) कार्यकुशलता :

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य कर सकेगा :

(1) गर्भवती महिला की परीक्षा, उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की पहचान और उपयुक्त निर्देशन;

(2) सामान्य जनन कराना, जटिलताओं की पहचान और और प्रसवोत्तर देखरेख प्रदान करना;

(3) नवजात को पुनरुज्जीवित करना और जन्मजात विषमताओं की पहचान;

(4) दम्पति को विभिन्न उपलब्ध गर्भ निरोधक तरीकों के प्रयोग पर सलाह देना और अन्तःगर्भाशयी गर्भ निरोध प्रणाली को अन्तःस्थापित करने तथा हटाने में सहायता;

(5) श्रोणि की परीक्षा करना, जननेन्द्रिय कार्यक्षमताओं को ठीक पता लगाने सहित स्त्री रोग संबंधी आम समस्याओं का निदान तथा प्रबन्ध;

(6) योनि कोशिकीय आलेप करना, ट्राइकोमोनास वैजाइनेलिस के लिए गीलेपिया एथनाल परीक्षण और आर्द्र योनिक आलेप परीक्षा करना, गोनोरिया के लिए मौनिलिएसिस तथा ग्राम अभिरंजक;

(7) जीवरसायन, उन्नत विकृति वैज्ञानिक, विकिरण वैज्ञानिक, अल्ट्रा साउण्ड आदि जैसी जांच-पड़तालों के आंकड़ों की व्याख्या ।

(ग) समाकलन :

विद्यार्थी क्लीनिकल कार्यकुशलता को अन्य विषयों के साथ समाकलित कर सकेगा और जनसंख्या नियंत्रण के राष्ट्रीय लक्ष्य के लिए परिवार कल्याण कार्यक्रमों का समन्वय कर सकेगा ।

(घ) प्रशिक्षण के लिए सामान्य दिशा-निर्देश :—

(1) किसी प्रसूति अस्पताल अथवा सामान्य अस्पताल के प्रसूति वार्ड में उपस्थिति जिसमें (1) प्रसवोत्तर देख-रेख (2) प्रसवकाल का प्रबन्ध तथा (3) परिवार कल्याण योजना सहित न्यूनतम 5 माह

की अवधि का अंतरंग तथा बहिरंग रोगी प्रशिक्षण हो;

(2) क्लीनिकल शिक्षण की इस अवधि को कम से कम एक माह का समय किसी सामान्य अस्पताल के प्रसूति वार्ड में आवासीय शिष्य के रूप में बिताना होगा;

(3) इस अवधि के दौरान विद्यार्थी पर्याप्त पर्यवेक्षण के अधीन प्रसव के कम से कम 10 मामले करेगा और अन्य 10 मामलों में सहायता करेगा;

(4) क्रमशः प्रसूति अस्पताल में और/या रोगी के घरों में विद्यार्थी द्वारा किए गए प्रसव के मामलों की संख्या का उल्लेख करते हुए प्रमाण-पत्र पर अस्पताल के स्टाफ के किसी जिम्मेदार चिकित्सा अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे और उसमें यह भी उल्लेख होगा कि :—

(क) विद्यार्थी प्रसव के दौरान उपस्थित रहा है और उसने प्रमाणित करने वाले अधिकारी के पर्यवेक्षण के अधीन आवश्यक उत्तरीय तथा अन्य परीक्षा करने के पश्चात् प्रत्येक मामला व्यक्तिगत रूप में स्वयं किया है। प्रमाणित करने वाला अधिकारी अपनी शासकीय स्थिति का उल्लेख करेगा।

(ख) मामलों के तैयार किए गए संक्षेपजनक लिखित इतिवृत्त जिनमें संभव होने पर प्रसव-पूर्व और प्रसवोत्तर अभ्यवस्थितियां भी शामिल हैं विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए थे और उन पर पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा आद्यक्षर किए गए थे।

(5) परिवार कल्याण योजना :

सभी तीन चरणों में और शिक्षुता की अवधि के दौरान परिशिष्ट-"क" में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार परिवार कल्याण योजना में प्रशिक्षण पर जोर दिया जाएगा।

(6) सामुदायिक औषध :

सामुदायिक औषध का शिक्षण तथा प्रशिक्षण चरण-3 (क्लीनिकल चरण) के पहले दो सेमिस्टरों के दौरान चलता रहेगा। विद्यार्थी द्वारा अर्जित किए जाने वाले लक्ष्य, उद्देश्य तथा कार्यकलाप की रूपरेखा चरण-2 (परा-क्लीनिकल चरण) में दी गई है।

अध्याय-4

12. परीक्षा विनियम

व्यावसायिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए परमावश्यकताएं।

प्रशिक्षण के परमावश्यक अंशभूत का मूल्यांकन निम्न आधार पर किया जाएगा :—

(1) उपस्थिति :

किसी विषय की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 75% उपस्थिति अनिवार्य है बशर्ते कि सैद्धान्तिक अध्यापन अर्थात् संगोष्ठियों सामूहिक परिचर्चाओं, अनुशिक्षण, निदर्शन, अस्पताली सैनातियों (तृतीयक, माध्यमिक, प्राथमिक) तथा बिस्तर-पार्श्व रोग लक्षण शिक्षण इत्यादि में उपस्थिति 80% हो।

(2) आंतरिक मूल्यांकन :

(1) विद्यार्थी के दत्तकार्य की आंकना, संगोष्टि-निरूपण, रोग लक्षण प्रकरण प्रस्तुति इत्यादि के दिन-प्रति-दिन के मूल्यांकन पर आधारित होगा (टिप्पणी देखें);

(2) पाठ्यक्रम में नियमितता, आवधिक परीक्षाएं ली जाएंगी। कितनी परीक्षाएं ली जाएं इसे संस्थान पर ही छोड़ा जाता है;

(3) आंतरिक मूल्यांकन में दिन-प्रति-दिन के कार्य-प्रालेखन को महत्ता दी जाए;

(4) प्रत्येक विषय के पूर्णांक में से आंतरिक मूल्यांकन के लिए 20% अंक निर्धारित होंगे;

(5) विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता के लिए विद्यार्थी को विषय-विशेष में आंतरिक मूल्यांकन के लिए निश्चित अंकों में से न्यूनतम 50% अंक अवश्य अर्जित करने होंगे।

टिप्पणी :

आंतरिक मूल्यांकन विभिन्न विधाओं पर आधारित हो जिसमें अध्ययन-सत्रों के दौरान विद्यार्थियों की शिक्षा अर्जन प्रक्रिया में प्रतिभागिता का मूल्यांकन किया जाए। कतिपय उदाहरण नीचे दिए जाते हैं :—

(1) विद्यार्थियों का संगोष्ठि के लिए विषय-निरूपण करना।

(2) परिचर्चा के लिए रोग लक्षण प्रकरण तैयार करना।

(3) रोग लक्षण प्रकरण अध्ययन/समस्या समाधान अभ्यासन।

(4) सामुदायिक स्वास्थ्य देख-रेख परियोजना में प्रतिभागिता (अयोजना स्तर का मूल्यांकन)।

(5) लघु अनुसंधान परियोजनाओं में निपुणता अथवा प्रायोगिक-कार्य में प्रवीणता।

(6) शिक्षण/प्रणाली विशेष की पूर्ति पर बहु-विकल्प प्रश्न (बहु. वि. प्र.) परीक्षा।

प्रत्येक मद में ली गयी परीक्षा का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन किया जाए तथा यह अभिलिखित हो। कतिपय मद में गृहकार्य/अवकाश कार्य दिया जा सकता है।

(3) विश्वविद्यालयी परीक्षाएं :

परीक्षक, सैद्धांतिक पेपर, यथा-विहित रूप में बनाएंगे। प्रश्नों का स्वरूप लघु उत्तर/वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा तथा प्रत्येक भाग के अंक अलग से दर्शाए जाएंगे।

प्रयोग/रोग लक्षण-शिक्षण प्रयोगशालाओं तथा अस्पताल-वार्डों में होगा। दक्षता, प्रयोग-निर्वहन आंटा-निर्वचन तथा तर्कसंगत निष्कर्षण के प्रवीणता का मूल्यांकन इसका उद्देश्य

होगा । रोग लक्षण प्रकरणों में अधिमानतः आम रोग ही होने चाहिए न कि पंचीदा विषय रोग अथवा विरल व्याधियां ।

लक्षिणकता के निष्कर्षण और इनका निर्वचन करने में परीक्षार्थी की योग्यता पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए ।

मौखिक परीक्षा में प्रबंधन-दृष्टिकोण तथा आपातकालीन कार्रवाई का मूल्यांकन भी होना चाहिए । साधारण जांच संबंधी डाटा, एक्सरे, हृदय स्पंद लेख, निदर्श-निरूपण इत्यादि के निर्वचन में परीक्षार्थी की निपुणता का मूल्यांकन भी किया जाए ।

परीक्षाएं इस तरह से आशांचित हों जिससे यह स्थापित हो सके कि परीक्षार्थी ने आवश्यक ज्ञान तथा अपने दिन-प्रति-दिन के व्यावसायिक कार्य को सक्षम ढंग से निर्वहन के लिए आवश्यक मूलभूत संकल्पनाओं की स्पष्ट न्यूनतम निपुणता अर्जित कर ली है ।

प्रश्न-पत्र अधिमानतः लघु संरचित/वस्तुनिष्ठ प्रकार के होने चाहिएं ।

रोग लक्षण प्रकरण/प्रयोगादि में आम रोगों को ही लिया जाना चाहिए जिनका विद्यार्थी का अपने व्यावहारिक कार्य में सामना होने की संभावना है । विरल मामले/पेचीदा विषम रोग, सांत्रिक विज्ञान के क्लासिक मामलों को अंतिम परीक्षा में शामिल नहीं किया जाए ।

मूल्यांकन के दौरान (आंतरिक और बाह्य) यह ज्ञात किया जाए कि परीक्षार्थी ने परिशिष्ट-ख में वर्णित दक्षता अर्जित कर ली है ।

वर्ष में एक बार मुख्य परीक्षा होगी तथा परीक्षा-परिणाम-प्रकाशन के 6 मास के अंदर पूरक परीक्षा ली जाएगी । विश्व-विद्यालयी परीक्षाएं निम्नानुसार होगी :—

प्रथम व्यावसायिक—प्रशिक्षण चरण-1 के द्वितीय अध्ययन-सत्र में शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान तथा जीव रसायन ।

द्वितीय व्यावसायिक—प्रशिक्षण चरण-2 के पंचम अध्ययन सत्र में विकृति विज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान, औषध विज्ञान न्याय वैद्यक ।

तृतीय व्यावसायिक—भाग-1 चरण-3 का सप्तम अध्ययन सत्र नेत्र विज्ञान, कर्ण-नासा-कंठ विज्ञान तथा सामुदायिक चिकित्सा विज्ञान ।

तृतीय व्यावसायिक—भाग-2 (अंतिम व्यावसायिक) चरण-3 प्रशिक्षण के अंत में काय चिकित्सा, शल्य चिकित्सा प्रसूति विज्ञान एवं स्त्री रोग विज्ञान बाल चिकित्सा विज्ञान विषय ।

टिप्पणी :

सभी विश्वविद्यालयी परीक्षाओं के परिणाम आगामी अध्ययन-सत्र का अध्यापन प्रारम्भ होने से पूर्व घोषित किए जाएंगे ।

(4) विभिन्न विधाओं में अंक-आवंटन :

(क) प्रथम व्यावसायिक परीक्षा : (रोग लक्षण पूर्व विषय) :—

(क) शरीर रचना :

सैद्धांतिक-दो पेपर प्रत्येक 50 अंक का

(प्रत्येक पेपर में 10 अंक का एक अनुप्रयुक्त प्रश्न)	100 अंक
मौखिक परीक्षा	20 अंक
प्रयोगिक	40 अंक
आंतरिक मूल्यांकन	40 अंक
(सैद्धांतिक-20 प्रयोगिक-20)	
कुल	200 अंक

(ख) शरीर-क्रिया-विज्ञान :

जैव भौतिकी सहित

सैद्धांतिक-दो पेपर-प्रत्येक 50 अंक का

(प्रत्येक पेपर में 10 अंक का एक अनुप्रयुक्त प्रश्न)	100 अंक
मौखिक परीक्षा	20 अंक
प्रयोगिक	40 अंक
आंतरिक मूल्यांकन	40 अंक
(सैद्धांतिक-20 प्रयोगिक-20)	
कुल	200 अंक

(ग) जीव रसायन :

सैद्धांतिक : दो पेपर प्रत्येक 50 अंक का

(प्रत्येक पेपर में 10 अंक का एक अनुप्रयुक्त प्रश्न)	100 अंक
मौखिक परीक्षा	20 अंक
प्रयोगिक	40 अंक
आंतरिक मूल्यांकन	40 अंक
(सैद्धांतिक-20 प्रयोगिक-20)	
कुल	200 अंक

उत्तीर्ण : प्रत्येक विषय में परीक्षार्थी को 50% पूर्ण योग अंक प्राप्त करने होंगे जिसमें मौखिक परीक्षा सहित सैद्धांतिक परीक्षा में न्यूनतम 50% और प्रयोगिक परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक हों ।

(ख) द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा :
(पैरा-रोग लक्षण विषय) :

(क) विकृति विज्ञान :

सैद्धांतिक : दो पेपर-प्रत्येक 40 अंक का

(प्रत्येक पेपर में 10 अंक का एक अनुप्रयुक्त प्रश्न)	80 अंक
मौखिक परीक्षा	15 अंक
प्रयोगिक	25 अंक
आंतरिक मूल्यांकन	30 अंक
सैद्धांतिक-15 प्रयोगिक-15)	
	150

(ख) सूक्ष्मजीव विज्ञान :

सैद्धांतिक : दो पेपर—प्रत्येक 40 अंक का

(प्रत्येक पेपर में 10 अंक का एक अनुप्रयुक्त प्रश्न) 80 अंक

मौखिक परीक्षा	15 अंक
प्रयोगिक	25 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-15 प्रयोगिक-15)	30 अंक
कुल	150 अंक

(ग) औषध विज्ञान :

सैद्धांतिक : दो पेपर—प्रत्येक 40 अंक का

जिसमें एक प्रश्न रोग लक्षण चिकित्सा शास्त्र पर 80 अंक

मौखिक परीक्षा	15 अंक
प्रयोगिक	25 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-15 प्रयोगिक-15)	30 अंक
कुल	150 अंक

(घ) न्यायदैशक :

सैद्धांतिक—एक पेपर	40 अंक
मौखिक परीक्षा	10 अंक
प्रयोगिक/रोग लक्षण-शाला	30 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-10 प्रयोगिक-10)	20 अंक
कुल	100 अंक

टीर्ण : प्रत्येक विषय में परीक्षार्थी को 50% पूर्णयोग अंक प्राप्त करने होंगे जिसमें मौखिक परीक्षा सहित सैद्धांतिक परीक्षा में न्यूनतम 50% और प्रयोगिक/रोगलक्षण-शाला में न्यूनतम 50% अंक हों ।

तृतीय व्यावसायिक

(1) भाग-1

(रोग लक्षण शिक्षण विषय)

भाग-1 सप्तम अध्ययन-सत्र के अंत में परीक्षा ली जाए

(क) नेत्र विज्ञान :

सैद्धांतिक—एक पेपर (इसमें रोग लक्षण पूर्व तथा परा रोग लक्षण विषय 10 अंक का एक प्रश्न होना चाहिए)	40 अंक
मौखिक परीक्षा	10 अंक
रोग-लक्षण शिक्षण	30 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-10 प्रयोगिक-10)	20 अंक
कुल	100 अंक

(ख) कर्ण-पासा-कंठ विज्ञान :

सैद्धांतिक : एक पेपर (रोग लक्षण पूर्व तथा परा-रोग लक्षण विषय 10 अंक का एक प्रश्न होना चाहिए)	40 अंक
भौतिक परीक्षा	10 अंक
रोग लक्षण शिक्षण	30 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-10 प्रयोगिक-10)	20 अंक
कुल	100 अंक

(ग) सामुदायिक चिकित्सा मानविकी सहित :

सैद्धांतिक : दो पेपर—प्रत्येक 60 अंक का 120 अंक

(समस्या समाधान, प्राथमिक स्तर पर अनुप्रयुक्त प्रबंधन पहलू जिसमें परमावश्यक औषधं, व्यावसायिक (वैज्ञानिक आधारित रोग, पुनर्वास और सामुदायिक सामाजिक पक्ष) सम्मिलित ।

मौखिक परीक्षा	10 अंक
प्रयोगिक/परियोजना मूल्यांकन	30 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-20 प्रयोगिक-20)	40 अंक
कुल	200 अंक

उत्तीर्ण : प्रत्येक विषय में परीक्षार्थी को 50% पूर्ण योग अंक प्राप्त करने होंगे जिसमें मौखिक परीक्षा सहित सैद्धांतिक परीक्षा में न्यूनतम 50% और प्रयोगिक रोग लक्षण परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक हों ।

भाग-2—प्रत्येक पेपर के दो भाग होंगे । निबन्धात्मक उत्तर वाले प्रश्न न ही दिए जाएं ।

(क) काय चिकित्सा :

सैद्धांतिक : दो पेपर—प्रत्येक 60 अंक का 120 अंक

पेपर-1—सामान्य काय चिकित्सा

पेपर-2—सामान्य काय चिकित्सा (मनोविकार विज्ञान, त्वचा विज्ञान एवं यौन संक्रमित रोग सहित)

(एक प्रश्न आधारिक विज्ञान एवं आनुषंगिक विषयक)

मौखिक परीक्षा एक्सरे, हृदयस्पंद लेख इत्यादि का निर्वचन	20 अंक
रोग लक्षण (विस्तर योज्य)	100 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-30 प्रयोगिक-30 अंक)	60 अंक
कुल	300 अंक

(ख) शल्य चिकित्सा :

सैद्धांतिक : दो पेपर—प्रत्येक 60 अंक का 120 अंक

पेपर-1—सामान्य शल्य चिकित्सा (भाग-1)

अस्थिरोग (भाग-2)

पेपर-2—सामान्य शल्य चिकित्सा

संज्ञाहरण विज्ञान, दंत रोग तथा विकिरण विज्ञान सम्मिलित

(एक प्रश्न आधारित विज्ञान और आनुषंगिक विषयक)

मौखिक परीक्षा जांच परीक्षण डाटा का निर्वचन 200 अंक

रोग लक्षण (बिस्तर पार्श्व)	100 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-30 प्रयोगिक-30)	60 अंक
कुल	300 अंक

शल्य चिकित्सा के पेपर-1 में अस्थिरोग का एक भाग होना चाहिए । अस्थि शल्य चिकित्सा संबंधी इन अस्थि शल्य चिकित्सा के अध्यापक-परीक्षक द्वारा निश्चित किए जाएं और उनका मूल्यांकन भी उन्हीं द्वारा किया जाए ।

(ग) प्रसूति विज्ञान तथा स्त्री रोग विज्ञान

सैद्धांतिक : दो पेपर—प्रत्येक 40 अंक का 80 अंक

पेपर-1 : प्रसूति विज्ञान जिसमें सामाजिक प्रसूति विज्ञान सम्मिलित ।

पेपर-2 : स्त्री रोग, परिवार कल्याण एवं जनपद विज्ञान (एक प्रश्न आधारित विज्ञान और आनुषंगिक विषयों का होगा)

मौखिक परीक्षा (प्रसव मामलों के निष्पादन सहित (20+10)	30 अंक
रोग लक्षण	30 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-20 प्रयोगिक-20)	40 अंक
कुल	200 अंक

(घ) बाल चिकित्सा विज्ञान : (नवजात शिशु सहित)

सैद्धांतिक : एक पेपर 40 अंक

(एक प्रश्न आधारित विज्ञान और अनुषांगिक विषयों का होगा)

मौखिक परीक्षा	10 अंक
रोग लक्षण	30 अंक
आंतरिक मूल्यांकन (सैद्धांतिक-10 प्रयोगिक-10)	20 अंक
कुल	100 अंक

टिप्पणी : प्रत्येक विषय में परीक्षार्थी को 50% सामूहिक अंक प्राप्त करने चाहिए जिसमें मौखिक परीक्षा सहित सैद्धांतिक परीक्षा में न्यूनतम 50% और प्रयोगिक परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक हों ।

13. परीक्षकों की नियुक्ति :

(1) किसी भी चिकित्सा, आयुर्विज्ञान एवं शल्य विज्ञान स्नातक उपाधि को दिया गया कोई व्यावसायिक परीक्षा के लिए अथवा अंतिम व्यावसायिक परीक्षा के किसी विषय के लिए परीक्षक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक उसने व्यावसायिक की उपाधि किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अर्जित किए हुए पांच वर्ष न हो गए हों अथवा विषय विशेष में समतुल्य अर्हता परिषद की सिफारिश के अनुसार अध्यापन अनुभव रखते हों और उस विषय विशेष में, मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों से संबंधित कालेजों में, संयुक्त रूप से अध्यापन का, कम-से-कम पांच वर्ष का अनुभव हो ।

(2) 100 छात्रों के लिए कम-से-कम 4 परीक्षक होने चाहिए जिनमें से कम-से-कम 50% बाह्य परीक्षक हों । 4 परीक्षकों में से वरिष्ठतम आंतरिक परीक्षक, अध्यक्ष और समन्वयकर्ता होगा ताकि पूरे परीक्षा कार्यक्रम में परीक्षार्थियों के मूल्यांकन स्तर में एकरूपता अनुरक्षित की जा सके । जहां परीक्षार्थियों की संख्या 100 से अधिक हो वहां एक अतिरिक्त परीक्षक, प्रत्येक 50 या उसके अंश के लिए, नियुक्त किया जाए ।

(3) गैर-चिकित्सा वैज्ञानिक, जो आयुर्विज्ञान छात्रों को अध्यापन में, पूर्णकालिक अध्यापक हैं, उन्हें उनसे सम्बद्ध विषयों में परीक्षक नियुक्त किया जा सकता है यदि वे अपेक्षित व्यावसायिक अर्हता रखते हों और उन्हें आयुर्विज्ञान छात्रों को पढ़ाने का 5 वर्ष का अनुभव, विज्ञान डिग्री के बाद का हो और यह भी कि 50% परीक्षक (आंतरिक और बाह्य) आयुर्विज्ञान क्षेत्र के होने चाहिए ।

(4) बाह्य परीक्षक उसी विश्वविद्यालय के नहीं होने चाहिए और अधिमानतः राज्य के बाहर के हों ।

(5) किसी विषय के आंतरिक परीक्षक को, विषय विशेष के बाह्य परीक्षक का दायित्व, उस कालेज विशेष का नहीं लेना चाहिए, जिसमें वे, बाह्य परीक्षक उस विषय विशेष का, नियुक्त किया गया हों ।

(6) विश्वविद्यालय जिसमें एक से अधिक कालेज हों, प्रत्येक कालेज के लिए परीक्षकों की अलग टीम नियुक्त की जानी चाहिए जबकि आंतरिक परीक्षक संबद्ध कालेज के हों ।

(7) बाह्य परीक्षक को 2 साल के चक्रानुक्रम में बदला जाना चाहिए ।

(8) पेपर निर्धारक बोर्ड का एक अध्यक्ष होगा जो आंतरिक परीक्षक होगा और प्रश्नों को संयत करेगा ।

(9) कालेज/संस्थान के विषय विशेष के विभागाध्यक्ष को छोड़कर और रीडर पद के सभी अथवा उसके समतुल्य और वरिष्ठ, जो अपेक्षित अर्हताएं और अनुभव रखते हैं, उन्हें आंतरिक परीक्षक नियुक्त किया जाए और विषय विशेष में बदल-बदल कर नियुक्ति की जाएगी और आगे, जहां कहीं रीडर का कोई पद नहीं है तब किसी सहायक प्रोफेसर, जिन्हें 5 वर्ष का सहायक प्रोफेसर के रूप में अनुभव हो उसकी परीक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए विचार किया जा सकता है ।

अध्याय-5

14 शिक्षार्थी

(1) सामान्य

शिक्षार्थी प्रशिक्षण का वह चरण है जिसमें एक स्नातक से अपेक्षा है कि वह चिकित्सा तथा स्वास्थ्य देख-रेख व्यवस्था में व्यवहार में लाए और अधीक्षण के अधीन दक्षता अर्जित करे और स्वतंत्र रूप से कार्य करने में सक्षम बन पाए ।

(2) विशिष्ट उद्देश्य

शिक्षुता प्रशिक्षण के पश्चात् विद्यार्थी सक्षम होगा कि वह :

(1) रोग लक्षण में आम रोगों का निदान करने की स्थिति को व्यवहार में ला पाएगा और उच्च स्तर पर संदर्भन करने के समीचक निर्णय ले पाए;

(2) आवश्यक औषधें, रक्त या इसके प्रतिस्थापनों के आधान और प्रयोगशाला संचालों का विवेकाधीन निर्णय लेना;

(3) सभी प्रकार की आपात स्थितियां—काय चिकित्सा, शल्य, प्रसूति, शिशुजन्म, बाल-चिकित्सा में प्रथम स्तरीय देख-रेख करना;

(4) राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं के अनुवीक्षण में कौशल-निदर्शन के रोकथाम और स्वास्थ्यवर्धन के लिए समाज के लिए चलाई गयी हैं;

(5) सेवक्त गण का विकास करना ताकि स्वास्थ्य टीम की अगुवी के रूप में मौजूदा सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पर्यावरण में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सेवाएं प्रभावी ढंग से प्रदान कर सके;

(6) चिरकालिक बीमार और अपंग (शारीरिक और मानसिक दोनों ही) को सेवाएं प्रदान करना तथा रोगियों और समाज के साथ प्रभावी संप्रेषण ।

(3) उपरोक्त विवरण के लिए शिक्षुता-विनिर्धारित आवश्यकताएं: इसे है और व्यावहारिक अनुभव की विशिष्ट तौर पर आवश्यकता रहेगी । यह एकल आवश्यकता अस्पताल जिला अस्पताल में आपात कक्ष में प्रशिक्षक स्टाफ नर्स तथा सभी स्तरों में की शल्य, अस्थिरोग, काय-चिकित्सा, प्रसूति व स्त्री रोग तथा बाल चिकित्सा में सभी पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम सहित । व्यावहारिक स्तरों के सम्बन्ध में विभाग के अनुसार की एकीकृत अवधि विशिष्ट समयों पर अधिकतम पाठ्यक्रम समाप्त किए जाने अनुमोदित स्नातक-विनिधान में रोगी सम्पर्क का मिले ।

(4) शिक्षुता—समय-मान

अनिवार्य

सामान्यिक चिकित्सा	3 मास
काय चिकित्सा विज्ञान	2 मास
बाल विज्ञान, अस्पतालेत्तर सहित	2 मास
सामुदायिक/ग्रामीण क्षेत्र या अस्पतालेत्तर स्वास्थ्य नियोजन	2 मास
नाक चिकित्सा विज्ञान	15 दिन
नेत्र विज्ञान	15 दिन
कर्ण-नासा-कंठ विज्ञान	15 दिन
आपात	15 दिन
व्यावसायिक तैयारी	15 दिन

व्यावसायिक विकास :—

व्यावसायिक तैयारी स्नातक विज्ञान में 15 दिनों के लिए विकास-विनिधान में से विशेषीकृत करने में सहायक :—

(1) स्वास्थ्य शिक्षण और सामुदायिक रोग

(2) मानसिक चिकित्सा

(3) यक्ष्मा एवं श्वसन रोग

(4) संज्ञाहरण

(5) रेडियो-निदान

(6) शारीरिक चिकित्सा एवं पुनःस्थापन

(7) न्याय वैधक एवं विष विज्ञान

(8) रक्त कोष एवं आधान विभाग

(5) अन्य विवरण :

(1) शिक्षुता के सभी भाग, जहां तक संभव हो, भारत के संस्थानों में ही पूरे किए जाने चाहिएं । कठिनाई होने की स्थिति में मामला भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् को संदर्भित किया जाना चाहिए जो व्यक्तिक गुण-दोष आधार पर विचार करेगी ।

(2) आयु.वि.श.चि.गा. की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् प्रत्येक परीक्षार्थी कालेज पाठ्यक्रमों और सम्बद्ध विश्वविद्यालय की सन्तुष्टि को अनुरूप 12 महीने की अवधि की अनिवार्य आसन्नी शिक्षुता करेगा ताकि आयुर्विज्ञान और शल्य-चिकित्सा स्नातक (एम.बी.बी.एस.) की डिग्री प्रदान करने और पूर्ण पंजीकरण के हकदार हो सकें ।

(3) अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विश्वविद्यालय अनन्तिम आयुर्विज्ञान और शल्य चिकित्सा स्नातक उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र जारी करेगा ।

(4) अनन्तिम आयुर्विज्ञान और शल्य चिकित्सा स्नातक उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर राज्य आयुर्विज्ञान परिषद् अभ्यर्थी को अनन्तिम पंजीकरण प्रदान करेगी। अनन्तिम पंजीकरण एक वर्ष की अवधि के लिए होगा । कमी अथवा असन्तोषजनक कार्य की स्थिति में, समुचित प्राधिकारी द्वारा अनन्तिम पंजीकरण और अनिवार्य आसन्नी शिक्षुता की अवधि उचित रूप से बढ़ाई जा सकती है ।

(5) शिक्षक को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन रोगलक्षण जिम्मेदारियां सौंपी जाएं। वे स्वतन्त्र रूप से कार्य नहीं करेंगे ।

(6) शिक्षक अपने हस्ताक्षर के अधीन कोई चिकित्सा प्रमाण-पत्र अथवा मृत्यु प्रमाण पत्र अथवा चिकित्सा-विधिक प्रलेख जारी नहीं करेगा ।

(7) प्रत्यक्ष अनुभव, रोगी केयरिंग और कुशलता अर्जन की सहजता की मान्यता के लिए अस्पताल में अध्यापन के अतिरिक्त जिला अस्पताल, तालुका अस्पताल, समुदाय स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध रोगलक्षण सुविधाओं की उपयोग के लिए शिक्षुता को बंधित रूप से अनुमोदित किया जाना चाहिए । शिक्षुता का विवेचनात्मक मूल्यांकन ग्रामीण क्षेत्रों में यथा सम्बोधित विनिर्दिष्ट अनुभव और कुशलताएं अर्जित करना होगा ।

शिक्षक को प्रशिक्षण के लिए जिला/उपमंडल अस्पताल में तैनात किए जाने के बावजूद, कालेज/विश्वविद्यालय, राज्य सरकार और जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों वाली एक समिति होनी चाहिए जो ऐसे प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण को नियमित करेगी ।

दर्शाएं कि ऐसे प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण सन्तोषजनक रूप से पूरा कर लेने का एक प्रमाण-पत्र सम्बद्ध प्रशासनिक प्राधिकारी से प्राप्त करें जो कालेज के प्रधानाचार्य/डीन द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो ।

(8) अभ्यर्थी द्वारा नैदानिक रोगलक्षण विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए समायोजन किया जाए ।

(9) प्रत्येक आयुर्विज्ञान कालेज विस्तृत कार्यकलाप मुहैया कराके एक सम्पूर्ण जिले के साथ सम्पर्क स्थापित करे । इसी प्रकार, जिला स्वास्थ्य प्रणाली के प्रत्येक स्तर पर अध्यापन गतिविधियां सुनिश्चित करने के लिए आयुर्विज्ञान शिक्षा (आर.ओ.एम.ई.) योजना के पुनर्विन्यास को उपयुक्त रूप से आशोधित किया जाए जो आयुर्विज्ञान कालेज के डीन द्वारा समन्वित होगी;

(10) एक वर्ष में से, 6 माह सुअर्हक स्टाफ से उचित रूप से युक्त अध्यापन अस्पताल/जिला अस्पताल में दी जा रही तृतीयक देखरेख 3 माह किसी छोटे जिला अथवा तालुका अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में द्वितीय देखरेख और 3 माह प्राथमिक स्वास्थ्य देखरेख सिस्टम में, जिसमें से 2 माह सामुदायिक स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर पूर्ण ध्यान देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में व्यतीत किए जाने चाहिए । प्राथमिक देखरेख प्रशिक्षण का एक माह व्यवसायी परिवार चिकित्सक अथवा स्वैच्छिक एजेंसी अथवा अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य देखरेख दाता के साथ शिक्षक के रूप में व्यतीत करना चाहिए ।

(11) अन्तिम-आयुर्विज्ञान और शल्य चिकित्सा स्नातक-परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं से एक वर्ष की अनुमोदित सेवा उपर उल्लिखित पूर्व-पंजीकरण-प्रशिक्षण के समकक्ष मानी जाएगी एवेंद्र प्रशिक्षण, यथा-संभव, बेस/सामान्य अस्पताल में होना चाहिए ।

(6) शिक्षुता का मूल्यांकन :

(1) शिक्षु को कार्य का अभिलेख रखना चाहिए जो चिकित्सा अधिकारी, जिसके अधीन वह कार्य करता है, द्वारा सत्यापित और प्रमाणित किया जाता है । कार्य के अभिलेख की जांच के अलावा, प्रशिक्षण के दौरान और अन्त में ज्ञान, कुशलता और मनोवृत्ति का परिस्थिति-परीक्षण का प्रयोग करते हुए वस्तुपरक दृष्टिकोण द्वारा प्रशिक्षण का निर्धारण और मूल्यांकन किया जाए। कार्य के अभिलेख और मूल्यांकन की तारीख के आधार पर डीन/प्रधानाचार्य प्रशिक्षण सन्तोषजनक रूप से पूरा हो जाने का प्रमाण-पत्र जारी करेगा, जिसके बाद विश्वविद्यालय आयुर्विज्ञान और शल्य-चिकित्सा स्नातक डिग्री प्रदान करेगा अथवा उसे इसका पात्र घोषित करेगा ।

(2) सन्तोषजनक रूप से पूरा करना निम्नलिखित के आधार पर निर्धारित किया जाएगा :—

(1) प्रत्येक मामले के लिए अपेक्षित ज्ञान की प्रवीणता
अंक 0–5

(2) प्रत्येक मामले के निपटान के लिए अपेक्षित कुशलता की क्षमता :

(क) स्वयं कार्य-निष्पादन के कार्य-निष्पादन की क्षमता,

(ख) प्रक्रिया में सहायता करने की,

(ग) प्रेक्षण की ।

अंक 0–5

(3) जिम्मेदारी, समय पाबन्दी, मामले की संक्षिप्त प्रस्तुत करना, उपचार में लगन, अनुवर्ती रिपोर्ट ।
अंक 0–5

(4) टीम में कार्य करने की क्षमता (सहकर्मियों, नर्सिंग स्टाफ के साथ व्यवहार और परा-चिकित्सकों के साथ संबंध) ।
अंक 0–5

(5) पहल, चर्चा में भाग लेना, अनुसंधान अभिरुचि ।
अंक 0-5

निकृष्ट/सन्तोषजनक/औसत से कम/औसत/औसत से अधिक/उत्कृष्ट

0 1 2 3 4 5

उपर्युक्त मदों में से किसी भी मद में 3 से कम अंक शैक्षिक शिक्षुता का असन्तोषजनक रूप से पूरा करना ।

(7) विश्वविद्यालय द्वारा आयुर्विज्ञान और शल्यचिकित्सा स्नातक डिग्री प्रदान करने पर अथवा अभ्यर्थी को इसका पात्र होने की घोषणा करने पर राज्य आयुर्विज्ञान परिषद/भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा ही पूर्ण पंजीकरण किया जाएगा ।

(8) प्रशिक्षण कार्यक्रम के कार्यान्वयन में कुछ विशा-निर्देश नीचे दिए गए हैं ।

(9) शिक्षुता-अनुशासन संबंधी :

(1) सामुदायिक औषधि

शिक्षु का प्राथमिक स्वास्थ्य देखरेख के सन्दर्भ में व्यक्ति विशेष और समुदाय से कारगर रूप से व्यवहार करने की कुशलता अर्जित करनी चाहिए । यह जिला अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रत्यक्ष अनुभव द्वारा प्राप्त की जाएगी । प्रशिक्षण के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :—

(1) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/जिला अस्पताल/सामान्य व्यवसायी के साथ सम्बद्धता :—

(1) शिक्षुता की इस अवधि के दौरान शिक्षु निम्नलिखित अवश्य अर्जित करे :

(क) सामान्य रोगों के निदान के लिए रोग लक्षण क्षमता, जिस्तर पर जांच और प्राथमिक देखरेख तकनीकों का प्रयोग;

(ख) "अनिवार्य औषध" की जानकारी प्राप्त करना और उनका प्रयोग;

(ग) आयुर्विज्ञान आपात-स्थिति की पहचान, पुनर-रूजीवन और आरम्भिक उपचार करने और उचित संस्थान को भेजना ।

(2) सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों (अर्थात् शिशु जीविकता और सुरक्षित मातृत्व-ई.पी.आई., सी.डी.डी., ए.आई.आई., एफ. पी., ए. एन. सी., सुरक्षित प्रसव, यक्ष्मा कुष्ठ और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सिफारिश अनुसार अन्य) में चिकित्सा अधिकारियों के लिए भारत सरकार विहित प्रशिक्षण मैनुअल का प्रयोग करते हुए भारत सरकार/स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त करना :—

(क) संक्रामक रोगों के प्रतिरक्षण में पूर्ण अनुभव प्राप्त करना;

(ख) स्थानीय रूप से मौजूद पोषणात्मक विकार सहित स्थाई रोगों के निवारण और नियंत्रण के कार्यक्रमों में भाग लेना;

(ग) परिवार कल्याण नियोजन प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष कुशलताएं सीखना;

(घ) राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रबन्धन सीखना;

(3) सर्वेक्षण करने का सक्षम और सामुदायिक निदान प्राप्त करने के नियमित उपायों के रूप में इसके निष्कर्षों का प्रयोग करना ।

(4) (क) स्वास्थ्य शिक्षा पर कार्यक्रम आयोजित करना,

(ख) श्रव्य-दृश्य उपकरणों के प्रयोग की क्षमता हासिल करना,

(ग) सामुदायिक स्वास्थ्य की प्रगति के लिए वैज्ञानिक सूचना के उपयोग की सक्षमता अर्जित करना ।

(5) जल आपूर्ति, खाद्य संवितरण और अन्य पर्यावरणीय/सामाजिक एजेन्सियों जैसी अन्य एजेन्सियों से सम्पर्क स्थापित करने की क्षमता ।

(6) सम्पर्ण भावना, साधनपूर्णता और नेतृत्व के साथ व्यवसायी होने की योग्यता अर्जित करना ।

(7) परा चिकित्सा स्टाफ और अन्य स्वास्थ्य व्यवसायियों की कार्य प्रत्यायोजन की प्रबन्धकीय कुशलताएं अर्जित करना ।

(2) तालुका अस्पताल

पर्यावरण में रोगी का मूल्यांकन करने में और प्राथमिक देखरेख आरम्भ करने में रोगलक्षण कुशलता के अलावा, एक शिक्षु :—

(1) नेतृत्व के गुणों सहित स्वास्थ्य टीम के अन्य सदस्यों के साथ प्रभावी रूप से भाग लें;

(2) महामारी जैसी विनिर्दिष्ट परिस्थितियों में सामुदायिक निदान करें और संक्रामक रोगों के लिए सुनियत नियंत्रण उपाय आरम्भ करें;

(3) अस्पताल आधारित अस्वस्थता दर और मृत्यु दर सांख्यिकी के विश्लेषण के लिए सक्षमता विकसित करें;

(4) उपलब्धता, कीमत और दुष्प्रभावों की जानकारी के साथ समुदाय में अनिवार्य औषध का प्रयोग करें;

(5) व्यक्ति विशेष/समुदाय को निम्नलिखित पर स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करें :—

(क) यक्ष्मा,

(ख) छोटा परिवार, सन्तान अन्तराल उपयुक्त निरोधकों का प्रयोग,

(ग) पोषण अनुपयुक्त और मातृ और शिशु देखरेख,

(घ) प्रतिरक्षण,

(ङ) विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम में भाग लेना ।

(3) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

(1) परिवार संग्रथित स्वास्थ्य देखरेख (जन्म से मृत्यु तक), आरम्भ करना अथवा भाग लेना, घटनाओं की सूची;

(2) समुदाय स्वास्थ्य अर्थात् सुरक्षित मातृत्व, पोषणात्मक निगरानी और पुनर्वास, अतिसार विकार आदि, के लिए फील्ड-अभ्यास पर सभी मोड्यूलों में भाग लेना;

